वर्ष : 12 अंक :90 हमीरपुर, मंगलवार 02 अप्रैल, 2024 तदानुसार 8, अष्टमी फाल्गुन-शुक्ल, विक्रमी संवत् 2080, कुल पृष्ठ : 08 मूल्य : 5 रुपए

देवभूमि मिरर

www.devbhumimirrornews.com

3 नगर परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष....
8 सुजानपुर में दो अप्रेलऔर गगरेट, ऊना में चार अप्रैल को उप चुनाव ...

खबर एक्सप्रेस

राणा की BJP में एंट्री पर यह क्या बोल गए चंद्रशेखर

शिमला। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चंद्रशेखर ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राजेंद्र राणा की भाजपा में एंट्री धूमल परिवार को नीचा दिखाने के लिए करवाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में राजेंद्र राणा ने कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ा और भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री पद से उम्मीदवार प्रेम कुमार धूमल को हराया। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का बहुमत होने के बावजूद धूमल मुख्यमंत्री पद हासिल करने से चूक गए। एक्सिडेंटल चीफ मिनिस्टर जयराम ठाकुर पद संभालने के बाद एक बार भी प्रेम कुमार धूमल से मिलने उनके घर नहीं गए, लेकिन अब उप-चुनाव से पहले जयराम ठाकुर को धूमल परिवार की याद आई है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला की जनता अभी भी पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में धूमल और उनके परिवार के साथ हुए दुर्व्यवहार को भूली नहीं है।

रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रुपए पार

नई दिल्ली। भारत का रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रुपए को पार कर गया है, जो एक रिकॉर्ड है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय रक्षा निर्यात अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गया है और स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार 21000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर गया है । वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 21,083 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की शानदार वृद्धि है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने हाल के वर्षों में सराहनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। रक्षा निर्यात में नया मील का पत्थर पार करने पर सभी हितधारकों को बधाई।

रेलवे स्टेशन पर 37.50 लाख रुपए की नकदी जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना के सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने 37.50 लाख रुपए की नकद राशि जब्त की है। जीआरपी ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच आरपीएफ जवानों के सहयोग से रविवार शाम करीब 18:20 बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर नियमित निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यात्री पी लक्ष्मण राम (45), थेराडी स्ट्रीट, मदुरंथकम, कांचीपुरम, तमिलनाडु के निवासी के पास से 37.50 लाख रुपए नकद बरामद किया गया। पूछताछ करने पर वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने या नकदी के स्रोत के संबंध में संतोषजनक स्पष्टीकरण देने में विफल रहा। नतीजतन नकदी को पंचनामा के तहत जब्त कर लिया गया। थाना प्रभारी ने तुरंत मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी और साथ ही सनथ नगर निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को भी सूचित किया। इसके बाद जब्त की गई नकदी को आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए उचित पावती के साथ हैदराबाद स्थित आयकर भवन में आयकर विभाग को सौंप दिया गया।

PM शेख हसीना बोलीं पहले बीवियों की साड़ी जलाओ

ढाका। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने ही देश के विपक्षी सांसदों को जमकर लताड़ लगाई है और कहा है कि जो लोग भारतीय उत्पादों के बहिष्कार की बात कर रहे हैं, वे सभी लोग पहले अपनी-अपनी बीवियों की साड़ी जलाकर दिखाएं। उन्होंने भारतीय उत्पादों के बहिष्कार की मांग करने वाले विपक्षी नेताओं से यह भी कहा है कि पहले उन्हें यह बताना चाहिए कि उनकी पत्नियों के पास कितनी भारतीय साडियां हैं और वे इनमें आग क्यों नहीं लगा रही हैं? शेख हसीना ने अपनी पार्टी अवामी लीग की एक बैठक को संबोधित करते हुए विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेताओं पर निशाना साधा, जिन्होंने भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का आह्वान किया था। हसीना ने कहा, मेरा सवाल यह है कि उनकी बीवियों के पास कितनी भारतीय साडियां हैं? और वे अपनी बीवियों से साडियां लेकर उनमें आग क्यों नहीं लगा रहे हैं?

जयशंकर बोले, जल्द होंगे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

सूरत। साउथ गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था, भारत-यूएई संबंध और फ्रांस से रिश्तों को लेकर खुलकर बातचीत की है। अपने संबोधन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आज हम दुनिया के शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैं। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकास कर रही है, इससे साफतौर पर लगता है कि बहुत जल्द हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।

कांग्रेस बहू बेटियों का भाव पूछ रही है, जिसका जवाब प्रदेश की जनता 1 जून को देगी : कंगना रनौत

देवभूमि मिरर/मंडी

मंडी संसदीय क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों की बैठक भीमाकाली मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल और मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत ने भाग लिया। कंगना का मंडी पहुंचने पर कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान कंगना ने अनुराग ठाकुर को अपना रोल मॉडल बताया तो वहीं पर पूर्व सीएम जयराम ठाकुर को लेकर कहा कि यह मेरे मार्गदर्शक हैं। अभिनेत्री रनौत ने कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के बहाने पार्टी पर एक के बाद एक कई हमले किए।उन्होनें कहा कि राम हमारे आदर्श हैं। इस चेतना को प्रधानमंत्री मोदी ने जगाया है। कांग्रेस पर हमला करते हुए कंगना ने कहा कि कांग्रेस बहन-बेटियों का चीरहरण करती रही।भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि कला क्षेत्र में मेरी उपलब्धि से यह तय नहीं की मुझे जीत मिल जाएं। मुझसे कोई गलती हो तो माफ करना, विरोधी भी कमजोर नहीं है। एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होनें कहा कि भाजपा ने महिलाओं को मान-सम्मान दिया।

लखपति दीदी बनाई। उज्जवला योजना दी। वहीं कांग्रेस बहू बेटियों का भाव पूछ रही है, जिसका जवाब प्रदेश की जनता 1 जून को कांग्रेस को देने वाली हैं। भाजपा नेत्री ने कहा कि कम जीत से काम नहीं होंगे, अच्छी बढ़त से नाम व काम होगा। मुझे अन्य राज्यों में भी प्रचार करना है। मेरी नाक न कटे कार्यकर्ता इसका ध्यान रखें।उन्होनें कहा कि आज पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई जिसमें सभी का मागदर्शन प्राप्त हुआ हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने हिमाचल में अथाह विकास करवाया मगर कांग्रेस पार्टी की झूठी गारंटीयों के बहकावे में मतदाता आ गए जो आज पछता रहे हैं । लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलेगा और केंद्र में तीसरी मर्तबा प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी होंगे । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व भर में भारत की पहचान को बनाया है तथा आर्थिक और विश्व गुरु के तौर पर भारत आगे बढ़ रहा है । पूर्व मुख्यमंत्री एवम नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, मंडी संसदीय क्षेत्र प्रभारी पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवम विधायक राकेश जंबाल, पूर्व मंत्री एवम विधायक अनिल शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष बंदना योगी, प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य, विधायक विनोद कुमार, सुरेंद्र शौरी, इंद्र सिंह गांधी, प्रकाश राणा, दलीप कुमार, लोकेंद्र कुमार, डॉ जनक राज, पूर्ण चंद, दीप कुमार, विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे नेता सहित प्रमुख पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पार्टी अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल और प्रत्याशी कंगना रनौत ने माता भीमाकाली में पूजा की और माता का आशीर्वाद लिया।

तिहाड़ जेल भेजे गए अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) ने दिल्ली शराब नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को यहां की एक विशेष अदालत में पेश किया जहां से उन्हें 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। अरविंद केजरीवाल पहले नेता हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री के पद पर रहते गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी की हिरासत में भेजा गया और अब जेल भजने का आदेश पारित किया गया। अदालत के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने रखा। उन्होंने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूछताछ के दौरान वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ईडी ने कड़ी सुरक्षा के बीच अरविंद केजरीवाल को पेश किया। पेशी से पहले एक मीडियाकर्मी के सवाल के संक्षिप्त जबाव में उन्होंने (केजरीवाल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर इशारा करते हुए कहा, ये जो कर (ईडी की कार्रवाई) रहे हैं, देश के लिए अच्छा नहीं कर रहे हैं। बता दें कि अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को केंद्रीय जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। अगले दिन 22 मार्च को उन्हें विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेजने का आदेश पारित किया गया। अदालत ने ईडी के दूसरी बार 28 मार्च को अनुरोध करने पर एक अप्रैल तक आम आदमी पार्टी ने नेता केजरीवाल की हिरासत अवधि बढ़ाई थी। विशेष अदालत के समक्ष 22 मार्च को ईडी ने मुख्यमंत्री को कथित शराब नीति 2021-2022 घोटाले (जो बाद में रद्द कर दी गई थी) का मुख्य साजिशकर्ता और सरगना होने का आरोप लगाया था। तब मुख्यमंत्री के अधिवक्ताओं ने ईडी के इन आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी आपत्ति जताई थी। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से पहले भारत राष्ट्र समिति की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को ईडी ने 15 मार्च को गिरफ्तार किया था, जो न्यायिक हिरासत में दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। इन दोनों प्रमुख नेताओं से पहले ईडी ने पिछले एक साल के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के अलावा राज्यसभा सांसद संजय सिंह को इसी मामले में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 की उत्पाद शुल्क नीति (शराब नीति) बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को मामला दर्ज किया था।

हिमाचल को सौगात देने में कोई कसर नहीं छोड़ी

नई दिल्ली/ शिमला। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि विकास ही हमारी प्राथमिकता है और मोदी सरकार ने हिमाचल को सौगातें देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की चौथी वन्दे भारत ट्रेन की सौगात हिमाचल को दी जिसके शुभारंभ के लिए खुद मोदी ऊना आये थे। हिमाचल में अब हिंदुस्तान की सबसे आधुनिक ट्रेन भारतीय जनता पार्टी के कारण ही चल पड़ी है। ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में रेलसेवाओं का विस्तार हो, हिमाचल को कनेक्टिविटी से जुड़ी कोई समस्या ना हो इसके लिए मोदी सरकार नई ट्रेनें चलाने से लेकर जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट इत्यादि पर पूरी गंभीरता से काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए हिमाचल प्रदेश में रेलवे विस्तार के लिए 1838 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। सामरिक महत्व की भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेल लाइन के लिए 1000 करोड़ ,चंडीगढ़-बद्दी रेललाइन को 450 करोड़ रुपये , नंगल-तलवाड़ा रेल लाइन के लिए 452 करोड़ रुपए वर्ष 2023-24 के बजट में मंजूर किए गये हैं। रेल विस्तार के लिए 1838 करोड़ रुपए की यह मंजूरी यूपीए शासन काल के वर्ष 2009 झ 2014 से 17 गुना ज्यादा है। वर्तमान में प्रदेश में 19556 करोड़ से 258 किलोमीटर की चार परियोजनाओं पर काम जारी है। ठाकुर ने कहा ऊना जिले के गगरेट विधानसभा में वर्षों से माँग थी कि यहाँ के लोहारली खड्ड पर 500 मीटर लंबे डबल लेन की मंजूरी, दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन का लोकार्पण, अम्ब रेलवे स्टेशन तक रेल लाइन का विधुतीकरण व फुटओवर ब्रिज का विस्तार, उना रेलवे स्टेशन पर दूसरे प्लेटफॉर्म एवं फुटओवर ब्रिज की मंजूरी, पुराने का का विस्तार, नई रेलगड़ियां की मंजूरी व चुरारू तकराला अंबाला कैंट-दौलतपुर चौक पैसेंजर स्पेशल ट्रेन व रायमेहतपुर सहारनपुर-ऊना हिमाचल पैसेंजर एक्सप्रेस का ट्रेन समेत प्रमुख गाड़ियों का स्टापेज पूरे हिमाचल के लिए मोदी सरकार की ओर से बड़ा तोहफा है।

श्रीनयनादेवी में श्रद्धालुओं की बस का एक्सीडेंट

देवभूमि मिरर/श्रीनयनादेवी

उत्तरी भारत के विख्यात तीर्थ स्थल श्रीनयनादेवी जी में सोमवार को उत्तर प्रदेश अलीगढ़ से काफी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंचे। इस दौरान माताजी के दर्शन के लिए आई अलीगढ़ की एक महिला विमलेश कुमारी उम्र 45 वर्ष निवासी अलीगढ़ बस की चपेट में आ गई तथा उसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार आज सुबह काफी संख्या में अलीगढ़ से माता के दर्शनों के लिए हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए आए हुए थे। इस दौरान महिला विमलेश कुमारी उम्र 45 वर्ष भी माता के दर्शनों के लिए पैदल जा रही थी कि अलीगढ़ की एक बस की चपेट में आ गई, जिससे उसकी घटना

स्थल पर ही मौत हो गई। डीएसपी विक्रांत ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी हुई है तथा पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया है। बता दें कि हर वर्ष की भांति लगभग 100 से ज्यादा बसें यूपी के अलीगढ़ से माता के दर्शनों को आती हैं। गत वर्ष भी एक बस के लुढक जाने के कारण कुछ नुक्कसान हुआ था तथा उसी तरह से आज एक महिला बस की चपेट में आ गई तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

भारी बारिश और ओलावृष्टि से 4 की मौत

गुवाहाटी। असम में भारी बारिश और ओलावृष्टि से चार लोगों की मौत हो गई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। रविवार को असम के कई हिस्सों में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई। एएसडीएमए ने मृतकों की पहचान सखी बेगम लस्कर (30), पिंटू चौहान (17), रूपाराम बसुमत्री (46) और समीन मंडल (4) के रूप में की है। एएसडीएमए की रिपोर्ट के मुताबिक कछार जिले के राजघाट गांव की सखी बेगम लस्कर की तूफान में मौत हो गई। पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले के डोनका के पिंटू चौहान की और उदलगुरी जिले के मजबत गांव के रूपाराम बासुमत्रि की बिजली गिरने से मौत हो गई

ज्ञानवापी केस: जारी रहेगी पूजा, SC का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी के विवादित ज्ञानवापी मस्जिद के व्यासजी का तहखाना में हिंदू पक्ष को पूजा करने से रोकने की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, ह्वयथास्थिति बनाए रखना महत्वपूर्ण है, ताकि दोनों समुदाय अपनी- अपनी तरह से धार्मिक आस्था का निर्वहन कर सकें।ह्व पीठ ने इस मामले में मस्जिद समिति की ओर से इलाहाबाद

उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की और यह आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा हिंदू पक्षकारों को पूजा करने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ मस्जिद समिति की अपील ठुकरा दी थी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मस्जिद के तहखाने में पूजा और अन्य हिस्से (मस्जिद के) में नमाज पढ़ने की व्यवस्था को फिलहाल जारी रखने की अनुमति दी और कहा कि इस मामले में अंतिम सुनवाई जुलाई में की जाएगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि मस्जिद में नमाजियों के प्रवेश और नमाज अदा करने के लिए उत्तर की ओर प्रवेश द्वार है, जबकि तहखाने में दक्षिण की ओर। सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने पीठ के समक्ष दलील दी

गैस सिलेंडर सस्ता, आज से लागू हुए 5 नए नियम

नई दिल्ली। पहली अप्रैल यानी फाइनांशियल ईयर 2024-25 के पहले महीने की पहली तारीख। आज यानी सोमवार से देश में बहुत कुछ बदला है। कई ऐसे फैसले हैं, जो सरकार ने लिए थे, वे आज से लागू हो गए हैं। दूसरी ओर पहले महीने की पहली तारीख को ऑयल कंपनियां एलपीजी की कीमतों में संशोधन करती हैं। ऐसे में आज गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती हुई है, लेकिन यह कटौती कामर्शियल सिलेंडर को लेकर हुई है। इसके दाम 30.50 रुपए कम हो गए हैं। अब यह सिलेंडर 1764.50 रुपए कम हुए हैं। फास्टैग की अगर केवाईसी नहीं हुई है, तो आपको टोल प्लाजा पर दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता

है। ईपीएफ खाताधारकों के लिए भी आज से नया बदलाव हुआ है। अगर आप अपनी नौकरी बदलते हैं तो आपका ईपीएफ अकाउंट बैलेंस नए खाते में ट्रांसफर हो जाएगा। नेशनल पेंशन सिस्टम को और सुरक्षात्मक बनाने के लिए आधार बेस्ड टू स्टेप अथेंटिफिकेशन सिस्टम सभी पासवर्ड आधारित एनपीएस यूजर्स के लिए होगा। इरडा ने इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए डिजिटलाइजेश को जरूर बना दिया है। यह नियम आज से लागू हो गया है। अब सभी पॉलिसी को इलेक्ट्रॉनिक रूप से जारी किया जाएगा। यानी कि अब ई-इंश्योरेंस होगी।

कांग्रेस की लिस्ट में भाजपा के बागी

जल्द घोषित होंगे प्रत्याशी; दो सीटों से बागियों, एक पर महिला उम्मीदवार की चर्चा

देवभूमि मिरर/शिमला

हिमाचल में छह सीटों पर उपचुनाव की तैयारी कर रही कांग्रेस जल्द ही उम्मीदवारों की सूची जारी कर सकती है। पार्टी ने इसके लिए जमीनी स्तर पर सर्वेक्षण और ब्लॉक से नाम तय होने के बाद अब हाइकमान इन सभी सीटों पर टिकटों का फैसला करेगा। इस बार कांग्रेस भाजपा के बागियों समेत एक महिला उम्मीदवार को टिकट दे सकती है। लाहुल-स्पीति व बड़सर विधानसभा से ब्लॉक कांग्रेस ने महिला उम्मीदवार चुनाव में उतारने की पैरवी की है। गौरतलब है कि धर्मशाला, सुजानपुर, बड़सर, गगरेट, कुटलैहड़ और लाहुल-स्पीति में कांग्रेस से

बगावत करने के बाद छह विधायकों को अयोग्य घोषित किया गया है। इन सीटों पर भाजपा ने कांग्रेस के बागी छह पूर्व विधायकों को प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने उम्मीदवार तय नहीं किए हैं। कांग्रेस की टिकट के लिए कई नामों पर माथापच्ची चल रही है। इनमें भाजपा में बगावत करने वालों के नाम भी शामिल हैं। इनमें एक नाम लाहुल-स्पीति से पूर्व मंत्री रामलाल मार्कंडेय का भी है। हालांकि यहां ब्लॉक कांग्रेस ने कई दूसरे नाम भी हाइकमान को भेजा है, लेकिन कांग्रेस सिर्फ जीतने की क्षमता रखने वालों को ही टिकट देने की बात कह रही है। लाहुल से मार्कंडेय-गगरेट से राकेश कालिया का नाम सुर्खियों में लाहुल स्पीति से कांग्रेस की टिकट की दौड़ में रामलाल मार्कंडेय शामिल नजर आ रहे हैं, जबकि गगरेट से पूर्व विधायक राकेश कालिया का नाम भी चर्चा में है। राकेश कालिया ने टिकट कटने के बाद भाजपा का दामन थाम लिया था, लेकिन अब एक बार फिर वह सभी पद छोड़ चुके हैं और उनका नाम कांग्रेस की तरफ से टिकट की रेस में है। सुजानपुर और धर्मशाला में कांग्रेस के लिए नाम तय करना चुनौती बना हुआ है। धर्मशाला में कई नामों पर मंथन चल रहा है, तो सुजानपुर में पार्टी के पास जिताऊ चेहरे की कमी साफ झलक रही है। उपचुनाव में बड़सर से महिला उम्मीदवार का नाम चर्चा में है तो कुटलैहड़ में पार्टी नया चेहरा देने के मूड़ में है।

मौसम विभाग का पूवार्नुमान, छह अप्रैल तक छाए रहेंगे बादल

देवभूमि मिरर/शिमला

हिमाचल प्रदेश में तीन से छह अप्रैल तक बारिश और बर्फबारी का यलो अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल के अनुसार मंगलवार को मौसम साफ रहेगा, लेकिन बुधवार से बारिश-बर्फबारी के आसार है। रोहतांग दर्रा में मार्च के अंतिम दो दिनों में 90 सेंटीमीटर बर्फबारी रिकार्ड की गई है। कुल्लू, किन्नौर और लाहुल-स्पीति जिला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुककर बर्फबारी होती रही। प्रदेश में दो नेशनल हाई-वे समेत 274 सडकें अभी भी बंद हैं। मनाली-केलांग मार्ग फोर बाई फोर वाहनों के लिए खोल दिया है, जबकि बड़े वाहनों के लिए अभी बंद है। दो दिन में बारालाचा, कुंजुम पास और घेपन पीक में भी 90 सेंटीमीटर तक बर्फ गिरी है, जबकि शिंकुला दर्रा में 75, अटल टनल के साउथ पोर्टल में 52, कोकसर में 50, सिस्सू में 45, दारचा में 40, केलांग में 15 सेंटीमीटर हिमपात हुआ है। लाहुल में 185 ट्रांसफार्मर और 103 सडकें बंद हैं। जिला चंबा के जनजातीय क्षेत्र भरमौर के कुगती स्थित भगवान कार्तिक स्वामी मंदिर के कपाट 13 अप्रैल को खुलेंगे। मंदिर में विधिवत रूप से हवन यज्ञ व पूजा होने के बाद यहां पर सदियों से चली आ रही परंपराओं का निर्वाहन इस दौरान किया जाएगा। इसके उपरांत भक्तों के लिए मंदिर खुल जाएगा। बहरहाल कुगती मंदिर के कपाट खुलने के दौरान उमड? वाली भीड़ की सुविधाओं हेतु स्थानीय विधायक ने भी उपमंडलीय प्रशासन से आग्रह किया है। उल्लेखनीय है

राजेंद्र राणा के साथ भाजपा मंडल की एकजुटता देख सुजानपुर में कांग्रेस हैरान और परेशान

रजनीश शर्मा/देवभूमि मिरर

हमीरपुर। सुजानपुर भाजपा मंडल की भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के साथ एक जुटता देख सुजानपुर कांग्रेस हैरान और परेशान दिखना शुरू हो गई है। कयास लगाए जा रहे थे कि राजेंद्र राणा का भाजपा में शामिल होने तथा बीजेपी टिकट लेकर चुनाव लडने पर सुजानपुर भाजपा में विरोध होगा । अभी तक पूर्व भाजपा प्रत्याशी और जिला परिषद सदस्य कैप्टन रणजीत सिंह को छोड़ अन्य किसी भी पदाधिकारी की तरफ से बगावत न होने के कारण सुजानपुर कांग्रेस में सुगबुगाहट शुरू हो गई है। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान, किसान मोर्चा अध्यक्ष अनिल काकू, जिला परिषद चेयरमैन बबली, बीजेपी राज्य कार्यकारिणी सदस्य विजय बहल के अलावा भाजपा सुजानपुर मंडल की पूरी टीम मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा की अगुवाई में राजेंद्र राणा और अनुराग के लिए बराबर काम कर रही है। राजेंद्र राणा का अब तक एनआईटी गेट , सराहकड़ , कोट , चौरी , टौणी देवी, कुठेड़ा , चबूतरा समीरपुर तथा सुजानपुर नगर में स्वागत हुआ है उससे भाजपा के अंदर बगावत के स्वपन लेने वाले हैरान और परेशान हैं। वहीं कांग्रेसी इस बात को लेकर विश्वस्त नजर आ रहे हैं कि भाजपा राणा के साथ भीतरघात कर अपनी पिछली हारों का मजा चखाएगी। इस बारे में राजेंद्र राणा समर्थक जोगिंदर ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में 1998 में ऐसे मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के रूप में सामने आए जिन्होंने मात्र 29 विधायक होते हुए आपसी ताल मेल के साथ अन्य विधायको का साथ लेते हुए पूरे 5 साल सरकार चलाई और एक वर्तमान में ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने 43 विधायकों के साथ सरकार बनाई लेकिन आज उनके पास मात्र 34 विधायक बच्चे हैं और वह भी कब उनसे छिटक जाए कुछ कहा नहीं जा सकता है।

भारत क्लासिक बॉडी बिल्डिंग राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में फगवाड़ा के शीपा राजपूत ओवरआल विजेता बने

दिल्ली की शिवानी कश्यप बिकनी मॉडल में प्रथम रही

नरेश सिंघा/देवभूमि मिरर

ऊना। भारत गणपति क्लासिक बॉडी बिल्डिंग की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता रविवार रात इंद्र पैलेस संतोषगढ़ में संपन्न हुई। गणपति जिम एंड फूड सप्लीमेंटस के सौजन्य कराई गई प्रतियोगिता को सड़क हादसे में जान गंवा चुके दिवंगत युवा हनीश बंगड़ को समर्पित किया गया। संतोषगढ़ में हुई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में 15 राज्यों से 230 के करीब प्रतिभागी बॉडी बिल्डर्स ने भाग लिया। इसमें हिमाचल सहित बिहार, जम्मू एंड कश्मीर, दिल्ली, पंजाब, गोवा, चंडीगढ़, हिमाचल, उत्तर प्रदेश आदि प्रमुख राज्यों के नामी बॉडी बिल्डर्स शामिल रहे। आयोजनकर्ता दिलीप डोजी ने बताया कि प्रतियोगिता में फगवाड़ा के शीपा राजपूत ओवरआल विजेता बने। 40 प्लस में मिस्टर मास्टर का खिताब जालंधर के संदीप कुमार के नाम रहा है। भारत क्लासिक बॉडी बिल्डिंग में तरनतारन पंजाब के कुनाल वर्मा प्रथम, अमृतसर से साहिल उप्पल द्वितीय रहे। विजेताओं को जिन्हें इनाम में कप, स्कूटी सहित इनामी राशि सहित उपहार भेंट किए गए। दिल्ली की शिवानी कश्यप बिकनी मॉडल में प्रथम रहीं। जबकि अन्य परिणामों में जिला स्तरीय बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में कर्ण सिंह मिस्टर ऊना, मैन फिजिक में मिस्टर ऊना सुशांत शर्मा, मिस्टर हिमाचल आसिम खान बद्दी, मिस्टर जूनियर बॉडी बिल्डिंग अंग्रेज सिंह जम्मू, 60 किलो भार वर्ग से नीचे भारत क्लासिक स्पर्धा में विजेता प्रथम कर्ण सिंह लख्खा नकोदर, बॉडी बिल्डिंग में द्वितीय अमन बिल्ला टांडा, 60-65 किलो भार वर्ग में सन्नी चंडीगढ़ प्रथम,आदि

सुजानपुर और बड़सर में कांग्रेस एजेंसी के सर्वे के बाद फाइनल करेगी टिकट

रजनीश शर्मा/देवभूमि मिरर

हमीरपुर। हमीरपुर जिला के दो विधानसभा क्षेत्रों में इन दिनों इंडिपेंडेंट सर्वे एजेंसी सर्वे कर रही है। बड़सर और सुजानपुर दोनों जगह एजेंसी सर्वे कर रिपोर्ट अपने मुख्यालय भेजेगी जहां से कांग्रेस हाईकमान रिपोर्ट लेकर उपचुनाव की टिकटें फाइनल करेगा। कुल मिलाकर कांग्रेस टिकट फाइनल होने में अभी करीब दो सप्ताह लग सकते हैं। बड़सर और सुजानपुर उपचुनावों से ठीक पहले अयोग्य ठहराए विधायकों इंद्र दत्त लखनपाल और राजेंद्र राणा ने भाजपा का दामन थाम लिया था। करीब 15 माह बाद ही हो रहे उपचुनाव में सत्तारूढ़ दल का विधायक बनने के लिए दोनों विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों की लंबी लाइन लग चुकी है। बड़सर में नरेश लखनपाल सहित आधा दर्जन नाम टिकट की दौड़ में है। करीब 15 वर्ष बीजेपी का दबदबा रहने के बाद पिछले तीन विधानसभा चुनाव यहां कांग्रेस जीतती आ रही है। अब इंद्र दत्त लखनपाल के भाजपा में जाने के बाद बड़सर में नरेश लखनपाल सशक्त कांग्रेस उम्मीदवार। के रूप में दावा ठोक रहे हैं। एक न्यूज चैनल द्वारा चुनाव आचार संहिता से पूर्व करवाए सर्वे में नरेश लखनपाल प्रथम स्थान पर दर्शाए गए है। सीएम के करीबी नरेश लखनपाल को टिकट लगभग तय मानी जा रही है। हमीरपुर जिला की दूसरी सबसे हॉट सीट सुजानपुर में राणा के भाजपा ज्वाइन करने के बाद कांग्रेस में टिकट के लिए एक अनार सौ बीमार की स्थिति हो गई है। अभी तक पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया, पूर्व विधायक स्वर्गीय कर्म सिंह ठाकुर के बेटे जतिंदर कुमार तथा डॉक्टर सुरेंद्र डोगरा का नाम सामने आया है। इसके अलावा भाजपा से कांग्रेस में आकर टिकट लेने के लिए भी कुछ लोग जुगाड़ लगाते नजर आए

लैहड़ भाजपा अनुसूचित मोर्चा बैठक में गरजे भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो

कांग्रेस की हालत नाजुक, कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए नहीं मिल रहे प्रत्याशी

देवभूमि मिरर/बंगाणा

राज्य हो या देश कांग्रेस पार्टी की हालत क्या है यह किसी से छिपा नहीं है। रात को अंधेरे में कांग्रेस पार्टी जिन्हे लोकसभा का टिकट चुनाव लड़ने के लिए दे रही है वही कांग्रेस नेता सुबह भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं क्योंकि भाजपा के पास विजन है, नीति है नीयत है और नेतृत्व है। कांग्रेस पार्टी केवल झूठी गारंटियों के सहारे भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है, क्योंकि अब हर मतदाता पढ़ा लिखा है और देश के लोकप्रिय प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के कुशल नेतृत्व से हर मतदाता उनका फैन बन चुका है। यह शब्द कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी एवम पूर्व में रहे विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मान सम्मान के लिए कुटलैहड़ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सभी ने मेरे 14 माह का विधायक कार्यकाल देखा है। हम ने कोई राजनेतिक द्वेष या फिर बदले की भावना से काम नहीं किया। केवल कुटलैहड़ की जनता की सेवा के लिए हर समय समर्पित रहे है। भुट्टो ने बताया किआखिर क्यों उन्हे सरकार से अलग होकर उन्हें भाजपा में शामिल होना पड़ा। भुट्टो ने कहा कि राज्य में जो सरकार का नेतृत्व कर रहे है। उन्हे कई बार कुटलैहड़ आने का हमने निमंत्रण दिया। लेकिन शायद यही चाहते थे। कि अगर उनके मित्र बोलेंगे। तो कुटलैहड़ प्रवास होगा। भुट्टो ने बताया कि 14 माह के कार्यकाल में हमने विधायक निधि या फिर निजी संस्था के माध्यम से जनता को आर्थिक सहायता प्रदान की। जब राज्य सरकार को केंद्र से आर्थिक पैकेज मिले। तो या तो वह नादौन विस क्षेत्र में लगे। या फिर मित्रो को उनके विधानसभा में पैसे बिकास के लिए भेजे। लेकिन जब कुटलैहड़ में बिकास की बात हमने मुख्यमंत्री महोदय के पास रखी। तो हमें आर्थिक तंगी का हवाला देकर भेज दिया गया। भुट्टो ने कहा कि हमने विधायक दल की बैठको के भी मुख्यमंत्री के समक्ष कुटलैहड़ की समस्याओं को रखा। लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई। जब जिस सरकार ने विधायको को जलील करने के अलावा बिकास की कोई बात ही करनी। और जो विधायक श्री अयोध्या में श्री राम मंदिर नहीं जा सकता। जो विधायक जय श्री राम नहीं बोल सकता। जो सरकार मित्रो को रेवाडियो के तरह कैबिनेट मंत्रालय बांटे। और विधायको को दर्जनों चक्कर लगाने के बाद भी मान सम्मान न मिले। ऐसी सरकार का कोई समर्थन नहीं। भुट्टो ने कहा कि हम सभी मिलकर केंद्र में देश के लोकप्रिय प्रधान मंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के हाथ और मजबूत करने के लिए भाई अनुराग सिंह ठाकुर को एक एक बोट कमल के फूल पर डालेंगे। वही आप सभी ने मुझे भी अपना आशीर्वाद बोट डालकर देना है और हम आपकी सेवा में हर समय समर्पित रहेंगे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा,राज्य भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राज्य सचिव सूरम सिंह, मनोहर लाल शर्मा ,सुदर्शन शर्मा, अभय राणा के अलावा सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कुटलैहड़ के दो दर्जन कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल

ऊना। कुटलैहड़ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक सोमवार को बंगाणा में कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा की अध्यक्षता में हुई है। बैठक में कुटलैहड़ से पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो विशेष रूप से उपस्थित हुए। वही राज्य भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सचिव सूरम सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक में कुटलैहड़ में होने वाले उपचुनाव को लेकर मंथन किया गया। सूरम सिंह ने कहा कि जब भी राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। तब-तब राज्य में अनुसूचित जाति के लोगो की अलग पहचान और उनको मान सम्मान मिला है। और आज वह समय आ चुका है कि हर क्षेत्र में 90 प्रतिशत अनुसूचित जाति के परिवार भाजपा की सदस्यता लेकर भाजपा के पक्ष में मतदान करते है। कुटलैहड़ भाजपा मंडल चरणजीत शर्मा ने कहा कि भाजपा एक समुंद्र है और भाजपा संस्कारो वाली पार्टी है। संस्कारो से चलती है। भाजपा किसी व्यक्ति विशेष पार्टी नहीं है। भाजपा के पास नीति है नीयत है और नेतृत्व भी है। बैठक के दौरान दो दर्जन कार्यकताओं ने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने हिस्सा लिया।

सी-विजिल ऐप पर भी कर सकते हैं शिकायत: अमरजीत सिंह

देवभूमि मिरर/हमीरपुर

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि जिला हमीरपुर में आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कड़े प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसे 24 घंटे सक्रिय रखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबरों 01972-221277, 221377 और 221477 पर किसी भी समय आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। इसके अलावा टॉल फ्री नंबर 1950 पर भी शिकायत की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल मोबाइल ऐप भी विकसित किया है। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। अमरजीत सिंह ने बताया कि इस ऐप में आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो अपलोड किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सी-विजिल ऐप पर शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित अधिकारी या टीम को 100 मिनट के भीतर कार्रवाई करनी पड़ती है। शिकायतकर्ता को शिकायत करने के लिए अपना नाम और मोबाइल नंबर देने की कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन अगर शिकायतकर्ता अपने नाम या मोबाइल नंबर से शिकायत करता है तो वह शिकायत के संबंध में हुई कार्रवाई को देख सकता है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी-विजिल ऐप में हुई शिकायत से उड़न दस्तों को आदर्श आचार सहिता के उल्लंघन की जगह की सटीक लोकेशन का पता चल जाता है और इस पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए सी-विजिल ऐप एक बहुत ही सटीक एवं त्वरित माध्यम है।

भाजपा बताएं जेपी नड्डा के घर कहां और कहां से बने राज्यसभ सांसद: रायजादा

कहा, भाजपा की आदत दोगली राजनीति कर जनता को भ्रमित करना

देवभूमि मिरर/ऊना

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने हिमाचल के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को लेकर अंतरात्मा की बात करने वाले भाजपा के नेताओ को पहले अपने गिरेबान में झांकने की बात कही। सोमवार को ऊना से जारी ब्यान में कहा कि हिमाचल के विधायकों को राज्यसभा के चुनाव के दौरान अंर्तआत्मा की आवाज सुनने की बात कहने वाले भाजपा नेता बताएं कि जेपी नड्डा का घर कहां है और वह कहां से राज्यसभा सांसद बने हैं। क्या जेपी नड्डा को गुजरात से राज्यसभा सदस्य बनते हुए अंतरात्मा से कोई आवाज नहीं आई। उन्होंने कहा कि भाजपा का काम दोगली राजनीति करके जनता को भ्रमित करने का ही है। रायजादा ने कहा कि भाजपा नेता अपने बयानों में कह रहे हैं कि कंगना रणौत हिमाचल की बेटी है, लेकिन अभिषेक मनु सिंघवी हिमाचली नहीं थे, इसलिए उन्हें राज्यसभा में वोट नहीं मिले। भाजपा नेता यह क्यों भूल गए कि जेपी नड्डा हिमाचली हैं, लेकिन भाजपा ने उन्हें हिमाचल से न उतारकर गुजरात से राज्यसभा का प्रत्याशी क्यों बनाया। क्या गुजरात के विधायकों ने अंतरात्मा की आवाज नहीं सुनी और गैर गुजराती को वोट देकर राज्यसभा में भेज दिया। रायजादा ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। जब यह स्वयं कुछ करते हैं, तो वह सब जायज होता है और यदि विपक्षी पार्टी कुछ करती है तो वह हल्ला शुरू कर देते हैं। रायजादा ने भाजपा नेता के ब्यान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के नेता ऊना में अवैध खनन का रोना रो रहे हैं, लेकिन भाजपा में कार्यकाल में उनके रिश्तेदारों द्वारा धड्ल्ले से खनन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि आज अगर कोई अपने घर बनाने के लिए खनन कर रहा है, तो भाजपा को तकलीफ हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकाल में भाजपा नेता खुद खनन में संलिप्त थे। इतना ही नहीं उनके रिश्तेदारों ने भी स्वां नदी में जमकर कोहराम मचाया। भाजपा कार्यकाल में इतना ज्यादा खनन हुआ कि स्वां चैनेलाइजेशन को तोड दिया गया था। अपने चहेतों की काली कमाई बंद होने के चलते भाजपा नेता छटपटाहट दिखा रहे हैं।

समीरपुरे रिया गलिया लगी रिया रौणका, बीजेपी के बड़े नेता धूमल के पास आ हो रहे नतमस्तक

रजनीश शर्मा/देवभूमि मिरर

हमीरपुर।2017 के बाद समीरपुर की गलियां फिर से चहक उठी हैं । वजह साफ है ,एक तरफ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का चुनाव और साथ में इसी संसदीय क्षेत्र के सुजानपुर, बड़सर, गगरेट और कुटलेहड़ विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव । कांग्रेस के छः विधायकों का टूटकर भाजपा में आना और छः को ही भाजपा टिकट मिलना भी समीरपुर के लिए एक अप्रत्याशित घटना से कम नहीं। बारी बारी भाजपा में शामिल कांग्रेसी अब धूमल दरबार में हाजिरी लगा आशीर्वाद ले रहे हैं। अब तक राजेंद्र राणा, आशीष शर्मा होशियार सिंह, कुटलैहड़ से भाजपा के प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर चुके हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी समीरपुर पहुंच पूर्व सीएम धूमल का सहयोग और आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक आशीष शर्मा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पहली बार धूमल के निवास स्थान पर पहुंचे और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि धूमल हम सब के नेता हैं और इनका मार्गदर्शन हमेशा मिलता है। उनके मार्गदर्शन से प्रदेश और हम. आगे बढ़े हैं। लोकसभा व विधानसभा उपचुनावों की दृष्टि से भी धूमल का आशीर्वाद लिया है। तीनों निर्दलीय विधायकों ने भी इस्तीफा दिया है और यहां भी अगामी रणनीति बनाई गयी है। सरकार वास्तव में उसी दिन गिर चुकी है जब भाजपा के पंद्रह विधायकों को निष्कासित कर बजट पेश किया गया।

भाजपा ने किया जनादेश का कत्ल: महेश्वर चौहान

देवभूमि मिरर/ऊना

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव महेश्वर चौहान ने भाजपा पर जनादेश की हत्या करने का आरोप जड़ा है। सोमवार को ऊना में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश महासचिव महेश्वर चौहान ने कहा कि भाजपा ने खरीद फरोख्त की राजनीति कर प्रदेश की जनता द्वारा दिए गए जनमत का अपमान किया है। प्रदेश महासचिव महेश्वर चौहान ने कहा कि हिमाचल में लोकसभा के साथ छह सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। पूरे देश की जनता ने देखा कि भाजपा ने षडयंत्र के तहत हिमाचल के जनमत को अस्थिर करने का प्रयास किया। बड़े स्तर पर प्रलोभन देकर विधायकों को खरीदा गया। चौहान ने कहा कि भाजपा ने न केवल विधायकों की खरीद कर सीआरपीएफ की सुरक्षा दी, बल्कि पांच सितारा होटलो के अलावा हैलीकॉप्टर की सुविधा मुहैया करवाई गई। चौहान ने कहा कि एक माह में गद्दार विधायक सड़क मार्ग से हिमाचल नहीं आ पाए। उन्होंने कहा कि बागी विधायकों को कुछ समय बाद एहसास हो जाएगा कि क्या खोया और क्या पाया। महेश्वर चौहान ने कहा कि इस पूरे षडयंत्र के पीछे न केवल केंद्र भाजपा बल्कि प्रदेश भाजपा का नेतृत्व साथ रहा। उन्होंने कहा कि हिमाचली बुद्धिजीवी लोग है, जो भाजपा के खरीद फरोख्त का खेल समझ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जोड तोड की राजनीति में विश्वास नहीं करती

न्यूज एक्सप्रेस

कक्कड़, उहल, जंदडू में 3 को बंद रहेगी बिजली

देवभूमि मिरर/हमीरपुर

विद्युत उपमंडल कक्कड़ के अंतर्गत 33 केवी सब-स्टेशन में 3 अप्रैल को उपकरणों की मरम्मत एवं आवश्यक रख-रखाव के कार्य के चलते गांव बजरोल, कक्कड़, पलभू, गुब्बर, खनौली, भेरड़ा, उटपुर, पुरली, भटेड़, ननोट, उहल, कलोह, पौहंज, सुराह, परनाली, लगदेवी, जंदडू, टेला, थाना टिक्कर, कढियार तथा साथ लगते गांवों में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल कक्कड़ के सहायक अभियंता जितेंद्र ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

प्रयास संस्था द्वारा घर द्वार पर मिल रही स्वस्थ सुविधा

देवभूमि मिरर/नरेश सिंघा

प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल - मोबाईल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति,रुचि,निहाल) ने डॉ प्रदीप के नेतृत्व मे गाँव व ग्राम पंचायत वालीबाल में स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 65 लोगों की स्वास्थ जांच की गई। 29 के टेस्ट किए गए। जिसमे उच्च रक्तचाप के 07 शुगर के 03 जोड़ों के दर्द के 29 लोग पाए गए स्वास्थ्य शिविर के दौरान बजुर्गों, महिलाओ एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच नि:शुल्क की गई मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाईयों का वितरण भी नि:शुल्क किया गया

बड़ूही बाजार में अवैध शराब सहित एक काबू

ऊना। थाना बंगाणा के तहत बड़ूही बाजार में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बंगाणा पुलिस रविवार देर शाम बड़ूही में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर एक व्यक्ति की तलाशी ली, जिससे पुलिस ने अवैध शराब की सात बोतल बरामद की। पूछताछ के दौरान व्यक्ति की पहचान वतन सिंह निवासी बड़ूही के रूप में हुई है। डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने वतन सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बसाल में वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

ऊना। सदर थाना के तहत बसाल में 65 वर्षीय वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान मुख्तयारी देवी पत्नी गुरदेव चंद निवासी बसाल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रविवार शाम को बसाल निवासी मुख्तयारी देवी की अचानक तबीयत खराब हो गई। वृद्ध महिला को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, जहां पर महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

अनोखा टांडा में किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

ऊना। पुलिस थाना बंगाणा के तहत अनोखा टांडा में 15 वर्षीय किशोरी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक किशोरी की पहचान राधिका पुत्री रंजीत सिंह निवासी अनोखा टांडा के रूप में हुई है, जिसने हाल ही में दसवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। वहीं आत्महत्या के कारणों में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक रविवार दोपहर को राधिका निवासी अनोखा टांडा ने घर की छत के साथ दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर बाहर न निकलने पर परिजनों ने कमरा खोलकर देखा, तो पाया कि बेटी फंदे पर झूल रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि छात्रा मानसिक तौर पर परेशान भी थी। डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। साथ ही परिजनों के ब्यान भी दर्ज किए गए हैं।

वीपीएस में नए सत्र का हुआ शुभारंभ, बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

ऊना। वशिष्ठ पब्लिक स्कूल ऊना में सोमवार से नए सत्र का शुभारंभ हुआ। अध्यापकों द्वारा सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अध्यापकों द्वारा प्रेरणादायक टैग लगाकर बच्चों का स्वागत किया गया। नए सत्र की शुरूआत में पहले दो दिन सभी बच्चों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई जाएगी। स्कूल के चेयरमैन सतपाल वशिष्ट ने नए सत्र की शुरूआत पर अध्यापकों, बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी। स्कूल निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि नए सत्र में हम शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए और नये आयाम हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने बच्चों को नैतिक शिक्षा और अनुशासन के बारे में बताया।

आईएसबीटी ऊना व मैहतपुर में लोगों को बताया मतदान का महत्व

ऊना। लोकसभा के आम चुनावों में लोगों की भागीगरी सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा शुरू किये गए स्वीप अभियान को ऊना जिला में गति दे दी गई है। इस कड़ी के तहत सोमवार को आईएसबीटी ऊना व टैक्सी यूनियन मैहतपुर में निर्वाचन विभाग ने भाषा एवं संस्कृति विभाग के साथ मिलकर लोगों को जागरूक किया। पूर्वी कला मंच के कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान नोडल अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा व निर्वाचन कानूनगों हरजीत सिंह सहित निर्वाचन विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे। निर्वाचन कानूनगो हरजीत सिंह ने कहा कि ऊना में स्वीप के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग का प्रयास है कि पहली जून को मतदान के दिन जिले में सभी मतदाता अपने घरों से निकलें और अपने मताधिकार का उपयोग करें। इस अवसर पर विनोद कुमार, रामपाल कमल देव, टैक्सी यूनियन मैहतपुर प्रधान अमरीक सिंह, यूनियन सचिव बबलू जोशी, अजायब सिंह व हरदीप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

शिक्षण संस्थानों का दौरा पात्र युवा का मतदाता सूची में पंजीकरण करें सुनिश्चित

ऊना। जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी जतिन लाल ने ऊना जिले में सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे 18 साल व उससे ऊपर के हर युवा का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी सहायक मतदाता पंजीकरण और बूथ लेवल अधिकारियों को अपने क्षेत्र में ऐसे प्रत्येक शिक्षण संस्थान का व्यक्तिगत दौरा कर यह तय बनाने को कहा कि पंजीकरण के छूटे हर पात्र युवा का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।डीसी ने बताया कि जो युवा 1 अप्रैल को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर रहे हैं,

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक कंचन शर्मा द्वारा डी बी कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नजदीक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, जीटी रोड, सरहिंद, जिला फतेहगढ़ साहिब (पंजाब) पिन कोड 140406 से मुद्रित एवं हाउस नंबर 115, वार्ड नंबर. 4, शिव नगर, एम.सी. एरिया, तहसील व जिला हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश), पिन कोड-177001 से प्रकाशित।
संपादक सुरेंद्र भवानी। संपर्क: 94181-42786
ई-मेल- devbhumimirror@gmail.com
RNI Title Code HPBIL00323
नोट: सभी विवादों का न्यायक्षेत्र हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश होगा।

नगर परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप ने दिया इस्तीफा

कहा कि अनावश्यक दबाव झेलना संस्कार नहीं, नहीं हो पा रहा था विकास

देवभूमि मिरर/बिलासपुर

सोमवार को नगर परिषद बिलासपुर में अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके लिए हालांकि उन्होंने कुछ स्पष्ट नहीं कहा लेकिन भाजपा पर दबाव के आरोप जरूर लगाए। नगर परिषद कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कमलेंद्र कश्यप ने कहा कि इस बार पिछले अढाई सालों से वह बतौर अध्यक्ष बिलासपुर की जनता की सेवा कर रहे थे। लेकिन उन्हें लगा कि वह जनता की अपेक्षाओं पर प्रशासनिक शक्तियां न हो पाने के कारण खरा नहीं उतर पा रहे हैं। इसलिए उन्होंने इसकी नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने बताया कि वह इसी नगर परिषद में दो बार पार्षद दो बार उपाध्यक्ष तथा दो बार अध्यक्ष पद पर रहे हैं और बिलासपुर का कोई भी ऐसा वार्ड नहीं होगा जहां उन्होंने अपने प्रयासों से विकास कार्य न करवाया हो। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह से पार्षदों की प्रशासनिक शक्तियां कम कर दी गई है उसे कारण से जनता की अपेक्षाओं पर पार्षद खरा नहीं उतर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिलासपुर नगर परिषद को प्रदेश की ओर से मिलने वाला बजट भी इसलिए नहीं मिल पाता क्योंकि बिलासपुर नगर में गृह कर तथा अन्य कारों की उगाही नहीं हो पाती। उन्होंने बताया कि बिलासपुर शहर भाखड़ा विस्थापितों का शहर है और 999 वर्ष की लीज पर है। इसकी मालिक सरकार है लेकिन विस्थापितों से कर मांगा जाता है। उन्होंने कहा कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड ने बिलासपुर में लोगों को इसलिए उजड़ने पर मजबूर किया था कि यहां पर भाखड़ा बांध का निर्माण हुआ था। लेकिन लोगों को उजाड़ने के बदले मात्र प्लॉट देकर इतिश्री कर ली गई जबकि उसमें भी अभी कई लोगों को प्लॉट दिए जाने हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की ओर से उन्होंने कई बार प्रदेश सरकार बीबीएमबी और केंद्र सरकार को प्रस्तावना लिखकर भेजी कि बिलासपुर में बीबीएमबी द्वारा जो मूलभूत सुविधाएं विस्थापितों को उपलब्ध करवाई जानी है वह नहीं करवाई जा रही। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावनाओं का कोई भी असर नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इसके अलावा साथ लगते क्षेत्र कोल डैम में विस्थापितों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

जोगिन्दर नगर का पांच दिवसीय राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला शुरू

देवभूमि मिरर/जोगिन्दरनगर

एक से पांच अप्रैल तक मनाये जाने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर का आज विधिवत शुभारंभ हो गया। पुराने मेला मैदान में चौहारघाटी के अराध्य देव श्री हुरंग नारायण व पहाड़ी बजीर देव श्री पाशाकोट सहित उपस्थित समस्त देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद अराध्य देव श्री हुरंग नारायण व देव श्री पाशाकोट की अगवानी में देवी-देवताओं की भव्य जलेब निकली। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने जलेब की अगवानी की। इसके बाद उपायुक्त ने मेला मैदान जोगिन्दर नगर में मेले का झंडा फहराकर विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर निदेशक राजस्व प्रशिक्षण संस्थान जोगिंदर नगर सतीश कुमार शर्मा भी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। इस मौके पर उपायुक्त अपूर्व देवगन ने समस्त प्रदेश वासियों को लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि देव संस्कृति और देव आस्था हमारी प्राचीन व समृद्ध संस्कृति का एक अहम हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि मेले व त्यौहार हमारी पुरातन संस्कृति और जीवन शैली के मूल आधार हैं। इन लोक उत्सवों, मेलों व त्यौहारों के माध्यम से नई ऊर्जा, नए उल्लास, नई उमंग और नए उत्साह का संचार होता है। उन्होने कहा कि इन मेलों के आयोजन से न केवल आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है बल्कि इस तरह के आयोजन सांप्रदायिक सद्भाव को सुदृढ़ बनाने तथा सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में भी अहम योगदान देते हैं। उन्होने कहा कि हिमाचल प्रदेश की समृद्ध देव संस्कृति की पहचान न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी है। लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर में प्रतिवर्ष हमारी श्रद्धा व आस्था के प्रतीक सैंकड़ों देवी-देवता अपना आशीर्वाद देने यहां पहुंचते हैं। देवी देवताओं के आगमन से पूरा जोगिन्दर नगर देवमयी हो जाता है। साथ ही कहा कि मेले के दौरान देवी-देवताओं के आगमन एवं मेल मिलाप से जहां हमारी प्राचीन देव संस्कृति को बल मिलता है तो वहीं अधिक मजबूत व समृद्ध भी होती है। साथ ही इस तरह के आयोजनों से हमारी नई पीढ़ी को देश की इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जानने व सहेजने का सुअवसर भी प्राप्त होता है

भाजपा न्याय एवं विधि विभाग की प्रदेश कार्यकारणी घोषित

देवभूमि मिरर/शिमला

भाजपा न्याय एवं विधि विभाग के प्रदेश संयोजक अंशुल बंसल ने बताया की अजय वैद्या, विक्रांत ठाकुर, आर.के. धनोटिया एवं अरविंद शर्मा को भारतीय जनता पार्टी न्याय एवं विधिक विभाग का प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त किया है। अरविंद मेहता (जयसिंहपुर), मनोज शर्मा (पालमपुर), संजय गोस्वामी (बैजनाथ), कमल शर्मा (नगरोटा बगवाँ), महेश शर्मा (देहरा), सुश्री मैत्री वासु (काँगड़ा), प्रीतम राणा (ज्वाली), नवीन ठाकुर (ऊना), राजेश हीर (हमीरपुर), नरेन्द्र सिंह ठाकुर (बिलासपुर), राजदीप चौहान (देहरा), भवनीश पराशर (देहरा), सुरेंद्र कुमार (देहरा), अंशुल अत्री (शिमला), रमेश चौधरी (अम्ब), नरेन्द्र ठाकुर (शिमला), ओ.पी.चौहान (शिल्लाई), टीका राम शर्मा (रेणुका जी), विक्रांत ठाकुर (कुल्लू), प्रदीप नेगी (किन्नौर), मूल राज शर्मा (हमीरपुर), वरुण ठाकुर (कुल्लू), सुश्री शालिनी भारती (मनाली), मदन गोपाल नारायण (अम्ब), अनिल जसवाल (हमीरपुर), प्रेम सागर भारद्वाज (घुमरवीं), शांति भूषण (घुमरवीं), मुनीश शर्मा (काँगड़ा), रोहित पंचकरण (काँगड़ा), संजीव शर्मा (ऊना), अरविंद धीमान (अम्ब), अजय धीमान (शिमला), गौरव चौधरी (शिमला), टी.के. वर्मा (शिमला), ईशान शर्मा (चंबा), साहिल ठाकुर (ऊना), अमन कपूर (धर्मशाला), अजीत सकलानी (शिमला), युद्धवीर ठाकुर (शिमला), सुशांत वीर सिंह ठाकुर (शिमला), विवेकानंद नेगी (किन्नौर), शुभम् गुलेरिया (शिमला), श्री नीरज शर्मा (मंडी) एवं विशाल सिंह ठाकुर (शिमला) को भारतीय जनता पार्टी न्याय एवं विधिक विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी न्याय एवं विधिक विभाग में दिलबाग परमार को संगठनात्मक ज़िला पालमपुर, गौरव बख्शी को संगठनात्मक ज़िला चंबा, चंद्र भानु रैना को संगठनात्मक ज़िला काँगड़ा, तिलक राज रपोत्रा को संगठनात्मक ज़िला नूरपुर, आदि

रामपुर कॉलेज के होनहार विद्यार्थियों को दिया सम्मान

देवभूमि मिरर/रामपुर बुशहर

राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में रविवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह और जीबी पंत मेमोरियल लेक्चर सीरीज का आयोजन किया गया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश के शिक्षा सचिव राकेश कंवर मुख्यातिथि और मुख्यवक्ता रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य ने मुख्यातिथि, अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। गोबिंद वल्लभ पंत व्याख्यान श्रृंखला का आगाज मुख्यवक्ता राकेश कंवर ने किया। सर्वप्रथम उन्होंने गोविंद बल्लभ पंत एवं आनंदीबाई के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि जीवन बहुमूल्य है, इसे खुशी के साथ जीना चाहिए और मेहनत एवं संघर्ष से घबराना नहीं चाहिए, मेहनत से ही कामयाबी हासिल होगी। उन्होंने कर्म को महत्व देते हुए कहा कि कर्म करना जरूरी है अगर आप को असफलता भी मिले तब भी हिम्मत न हारे आगे बढ़ते रहें। हमेशा सकारात्मक सोच के साथ जीना चाहिए, कभी भी अपने आप को किसी से कम न आंकें, हर इंसान अपने आप में महत्त्वपूर्ण होता है। हमें अपनी तुलना कभी भी किसी के साथ नहीं करनी चाहिए। मनुष्य को हमेशा सपने देखना चाहिए और उसे पूरा करने के लिए मेहनत करनी चाहिए। इस बात पर विश्वास करें कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने शिक्षा सचिव राकेश कंवर से कई प्रश्न पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों के सभी प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत कर छात्रों का मार्गदर्शन किया। इसके पश्चात सेवा निवृत प्राचार्य जय भगवान बंसल ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया।

व्यक्ति ने बंदर को किया कैद , क्रांति एनजीओ की चेतावनी

सुन्हाणी में झंडा रस्म के साथ जिलास्तरीय नलवाड़ मेले का शुभारंभ
फोटो सहित बीएलपी-8

बिलासपुर, अनीश ठाकुर। उपमंडल झंडूता के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुन्हाणी में एक से चार अप्रैल तक मनाए जाने वाले जिला स्तरीय नलवाड़ मेले का शुभारंभ हाई कोर्ट शिमला के अधिवक्ता कुलभूषण खजूरिया ने झंडा रस्म अदा करके किया। मेले का शुभारंभ नरसिंह मंदिर से मेला ग्राउंड तक शोभा यात्रा निकाल कर किया गया। कार्यक्रम में महिला मंडलों व स्थानीय पाठशाला की ओर से पहाड़ी कार्यक्रम पेश किए गए। मेला कमेटी की प्रधान गायत्री देवी ने बताया कि सुन्हानी में नलवाड़ मेला पौराणिक मेला है व 2019 में मेले को जिला स्तरीय घोषित किया गया था । कमेटी के प्रधान गायत्री गौतम ने स्थानीय लोगों को मेले की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि मेला 2006 में पुनः शुरू किया गया तब से अब तक हर वर्ष सभी ग्राम वासियों के अथक प्रयासों से आगे बढ़ रहा है। यहां कबड्डी खेल व दंगल का आयोजन किया जाता है। उन्होंने युवाओं को मेलों को संजोए रखने व धरोहर को संभालने की अपील की। मेले में तीन अप्रैल को स्टार नाइट होगी। उन्होंने कहा कि इन मेलों में जहां स्थानीय संस्कृति की झलक अपनी छटा बिखेरती हैए वहीं बाहरी राज्यों के कलाकारों को भी मौक मिलता है। चार अप्रैल को दंगल होगा। इसमें प्रदेश के अलावा बाहरी राज्यों के पहलवान भाग लेंगे। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मेलों के आयोजन से आपसी मेल जोल बढ़ता है, मेले हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। उन्होंने आज के युवा से नशे से दूर रहने की अपील की। अच्छा इंसान बनने के लिए शिक्षत होने के साथ अच्छा व्यवहार होना भी अति आवश्यक है। उन्होंने मेला कमेटी को 21000 रुपये की धन राशि भेंट की। इस मौके पर नलवाड मेला कमेटी प्रधान गायत्री देवी, महासचिव निर्मल शर्मा, व्यापार मंडल के प्रधान

शिमला शहर के 10 चिन्हित स्थलों पर सार्वजनिक बैठक, धरना प्रदर्शन करने पर रोक

शिमला। जिला दंडाधिकारी शिमला ने आज यहाँ पंजाब राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1953 की धारा 6 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं जिसके तहत सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिमला शहर के छोटा शिमला से रिज व कैनेडी हाउस तक, रेंडेजवॉयस रेस्तरां से रिवोली सिनेमा तक 150 मीटर दूरी तक, स्कैंडल पॉइंट से काली बाड़ी मंदिर तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से लिंक रोड छोटा शिमला कसुम्पटी रोड, छोटा शिमला चैक से राजभवन से ओक ओवर तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से सट्टी सीढ़ियाँ और पैदल रास्ता जो कसुम्पटी सड़क की ओर, कार्ट रोड से मजीठा हाउस लिंक रोड तक, ए.जी. कार्यालय से कार्ट रोड, सी.पी.डब्ल्यू.डी. कार्यालय से चैड़ा मैदान, उपायुक्त कार्यालय के ऊपर पुलिस गुमटी से लोअर बाजार की ओर 50 मीटर की दूरी तक सभी स्थलों पर सार्वजनिक बैठक आयोजित करने, जुलूस व रैलियां निकालने, प्रदर्शन करने, नारे लगाने, बैंड बजाने और अपराध की मंशा से हथियार के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं को ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है। यह आदेश अपने कर्तव्यों का पालन करते समय पुलिस, अर्धसैनिक व सैन्य कर्मियों पर लागू नहीं होगा।

किडनी ट्रांसप्लांट के लिए मदद के लिए आगे आए पूर्व विधायक राजेश ठाकुर

देवभूमि मिरर/ज्वाली

ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लाड़थ पंचायत के निवासी सुखदेव सिंह पठानिया के 20 वर्षीय इकलौते बेटे की किडनी ट्रांसप्लांट के लिए गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर मसीहा बनकर मदद के लिए सामने आए है उन्होंने गरीब परिवार को मौके पर आर्थिक सहायता देकर भविष्य में उसके इलाज का खर्च उठाने का वायदा किया है यहां दुखद बात यह सामने आई है कि गगरेट के पूर्व भाजपा विधायक को किसी ने किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवक के बारे में फोन पर सूचित किया तो वह विशेष रूप से पीड़ित परिवार से मिलने लाड़थ गांव पहुंच गए लेकिन जिस विधानसभा क्षेत्र में यह गरीब परिवार रहता है उसे विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने आज तक ना तो इस परिवार का हाल पूछा और ना ही कोई आर्थिक सहायता देने की जहमत उठाई आपको बता दें की सुखदेव सिंह अति गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। जिनके इकलौते बेटे अविलाश पठानिया की दोनों किडनी खराब हो चुकी हैं। जितनी उनकी हैसियत थी उतना उन्होंने उपचार पर पैसा खर्च किया। अब पैसे के अभाव में बेटे का बेहतर उपचार नहीं हो पा रहा। हालांकि पीड़ित परिवार बीपीएल में भी शामिल हे लेकिन इसके बावजूद सरकार व प्रशासन की ओर से आज दिन तक उन्हें कोई सहायता प्राप्त नहीं है।डॉक्टरों ने किडनी ट्रांसप्लांट पर 5 लाख का खर्च बताया है इस खर्च को वहन करने के लिए परिवार असहाय महसूस कर रहा है। अब उसकी उम्मीद सरकारी व आम जनता की मदद पर टिकी है।

कांग्रेस की झूठी गारन्टीयो के कारण जनता का कांग्रेस पार्टी से हुआ मोहभंग

देवभूमि मिरर/मंडी

भारतीय जनता पार्टी की मंडी लोकसभा पदाधिकारियो की बैठक भीमाकाली परिसर में सम्पन हुई । वैठक में लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति बनाई गई । वैठक में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । द्रंग विधानसभा से कांग्रेस छोड़कर लगभग 100 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्तओं ने भाजपा का दामन थाम लिया । जय राम ठाकुर एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने पटका पहनाकर सभी का पार्टी में स्वागत किया । प्रेम सिंह ग्राम पंचायत चेली एवं जिला महासचिव कांग्रेस पार्टी के नेता ने आज भाजपा का दामन थाम लिया ' राम लाल पूर्व प्रधान जिलहन, राजकुमार, नीलमणि ग्राम पंचायत टिहरी , सुरेश उरला ,काका राम पूर्व प्रधान एवं वी डी सी ग्राम पंचायत त्र्यम्बली प्रदीप कुमार, ग्राम पंचायत कुहाल चंपा देवी के साथ 100 से ज्यादा लोगो ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा पार्टी के साथ जुड़े।

कैहरियां चौक में विशाल भंडारे का आयोजन

देवभूमि मिरर/ज्वाली

कैहरियां चौक व्यापार मंडल व टैक्सी यूनियन द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष में वार्षिक भंडारे का आयोजन कैहरियां चौक में किया गया । इस भंडारे में इलाके के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया कमेटी सद्स्यों का कहना है कि जीव को भोजन कराना पुनीत कार्य होता है। इसी भावना को ध्यान में रखकर कमेटी भंडारा लगाते आ रहे हें जिसमें समस्त कैहरियां चौक बस स्टैंड के दुकानदार व टेक्सी यूनियन किसी न किसी प्रकार का सहयोग करते हैं। इस भंडारे में जहां विभिन्न समाजसेवियों ने भंडारे में अपनी-अपनी सेवाएं दी वहीं सहयोग भी दिया। कमेटी ने इस भंडारे में सहयोग व सेवाएं देने वाले सभी शिव भक्तों का धन्यवाद किया है और भोले शंकर से उन पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखना की प्रार्थना की है।

गुगलाड़ा की सिमरन राणा ने खेलो इंडिया में वेट लिफ्टिंग में जीता कांस्य पदक

देवभूमि मिरर/जवाली

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुगलाड़ा की छात्रा सिमरन राणा ने भारतोलन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता खेलो इंडिया में कांस्य पद के जीतकर स्कूल व अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। स्कूल पहुंचने पर सिमरन राणा का प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर विशेष रूप से सम्मानित किया आपको बता दे की इस राष्ट्रीय स्तरीय महिला वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में देश भर के 254 महिला वेटलिफ्टरों ने भाग लिया सिमरन राणा ने एक भेंट वार्ता में बताया कि उनका अगला लक्ष्य गोल्ड मेडल जीतना है जिसके लिए वह लगातार अभ्यास करेगी उन्होंने अपनी सफलता का वेटलिफ्टिंग के अंतरराष्ट्रीय रेफरी प्रदीप शर्मा वह अपनी परिजनों की प्रेरणा को दिया है उन्होंने कहा कि वह एक अच्छी वेटलिफ्टर बनकर अपने इलाके की लड़कियों को वेटलिफ्टिंग के बारे में प्रेरित व कोचिंग प्रदान करेगी।

न्यूज एक्सप्रेस

ढींगू स्कूल के ऋषि बैंस का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

देवभूमि मिरर/बिलासपुर



राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढींगु शिक्षा खंड घुमारवीं-2 के छात्र ऋषि बैंस पुत्र संजीव कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय में छठी कक्षा सत्र 2024-2025 के लिए प्रवेश परीक्षा पास कर ली है। इससे विद्यालय में खुशी का माहौल है। पाठशाला के मुख्याध्यापक प्रदीप कुमार, अध्यापकों, पाठशाला के अन्य कर्मचारियों, एसएमसी व अन्य बच्चों के अभिभावकों ने शुभकामनाएं व बधाई दी।

सोमवार को आईटीआई जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पुरूष मुकाबले शुरू

देवभूमि मिरर/बिलासपुर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर में चल रही 17वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के खेल आयोजन शुरू हुए। इस प्रतियोगिता लगभग 274 प्रतियोगी भाग ले रहे हैं। आज हुए वॉलीबाल मुकाबलों में प्रांजली आईटीआई ने हिमस आईटीआई को 2.1 से, श्री नयना देवी जी ने शिव हरी चड्डा आईटीआई को, सत्यम आईटीआई ने भराड़ी आईटीआई को 2-0 से, न्यू डोगरा आईटीआई ने मां संतोषी आईटीआई को 2.0 से हरा कर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। खो-खो में न्यू डोगरा आईटीआई, बरठीं आईटीआई, श्री नयना देवी जी आईटीआई, बिलासपुर आईटीआई ने दुसरे राउंड में प्रवेश किया। बास्केट बाल प्रतियोगिता में न्यू डोगरा आईटीआई ने बरठीं आईटीआई को व बिलासपुर आईटीआई ने संतोषी आईटीआई को सेमीफाईनल हरा कर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

श्री नयना देवी जी में बस की चपेट में आई महिला, दर्दनाक मौत

देवभूमि मिरर/बिलासपुर

उत्तरी भारत के विख्यात तीर्थ स्थल श्री नयना देवी जी में आज उत्तर प्रदेश अलीगढ़ से काफी संख्या में श्रद्धालु माता श्री नयना देवी जी के दर्शनों के लिए पहुंचे। इस दौरान आज सुबह माताजी के दर्शन के लिए आई अलीगढ़ की एक महिला विमलेश कुमारी उम्र 45 वर्ष निवासी अलीगढ़ बस की चपेट में आ गई तथा उसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह काफी संख्या में अलीगढ़ यूपी से माता के दर्शनों के लिए हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए आए हुए थे तथा महिला विमलेश कुमारी उम्र 45 वर्ष भी माता के दर्शनों के लिए पैदल जा रही थी कि अलीगढ़ की एक बस नम्बर यूपी 81.बी टी 5377 की चपेट में वह आ गई तथा उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। डीएसपी विक्रांत ने खबर की पुष्टि की है तथा उन्होंने कहा कि पुलिस जांच में जुटी हुई है तथा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

डा. बलवीर ठाकुर मंडी से सेवानिवृत

देवभूमि मिरर/बिलासपुर

बिलासपुर के चांदपुर क्षेत्र से मंडी में जायका प्रोजेट में नियुक्त जिला प्रबंधक डा. बलबीर ठाकुर की सेवानिवृत पर उन्हें उनके सहयोगी कर्मचारियों . अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। डा. बलबीर ठाकुर ने 1989 में कांगडा जिले में बतौर करिषि प्रसार अधिकारी के रूप में सेवाएं शुरू की थी। उसके बाद विभाग में विभिन्न पदों पर रहते हुए कार्य किया। उन्होंने जून 2003 से 2009 तक निरमंड में करीषि विकास अधिकारी के रूप में उसके बाद रिकांगपिओ, विषयवाद विशेषज्ञ के पद पर हमीरपुर, वर्ष 2016 से 2019 में उप परियोजना उपनिदेशक आत्मा किन्नौर, उसके बाद परियोजना निदेशक आत्मा कुल्लू व अगस्त 2023 से 30 मार्च 2024 तक जायका प्रोजेट में बतौर जिला प्रबंधक के रूप में कार्य किया। डा. बलबीर ठाकुर ने कहा कि अब समाज सेवा से जुडकर कार्य करना चाहते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने फागु स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

देवभूमि मिरर/शिमला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आज फागु स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जाता है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

बल्ह सब्जी मंडी का निर्माण तत्काल शुरू किया जाए: हिमाचल किसान सभा

देवभूमि मिरर/शिमला

आज दिनांक 1 अप्रैल 2024 को हिमाचल की किसान सभा, बल्ह इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल, प्रधान प्रेमदास चौधरी की अध्यक्षता में एसडीएम बल्ह से मिला और उनके माध्यम से उपायुक्त, जिला मंडी व अध्यक्ष एपीएमसी श्री संजीव गुलेरिया को ज्ञापन सौंप करके मांग की बल्ह में सब्जी मंडी के लिए जरलू मुहाल में जमीन आवंटित की गई है और बल्ह सब्जी मंडी के निर्माण हेतु बजट का प्रावधान कर दिया गया है परंतु अभी तक निर्माण कार्य को शुरू नहीं किया गया है! कुछ महीनो बाद टमाटर ब अन्य नकदी फसलों का सीजन शुरू हो जाएगा और फिर निर्माण मुश्किल हो जाएगा अतः मांग करते हैं कि सब्जी मंडी का निर्माण तत्काल शुरू किया जाए ताकि बल्ह के सब्जी उत्पादकों को जल्द से जल्द सब्जी मंडी की सुविधा मिल सके!

DAV PUBLIC SCHOOL NTPC T/SHIP JAMTHAL , DISTT BILASPUR(HP)

Contact Office(o)01978-283077 , 7018511735, Email : **dav_jamthal@yahoo.com**

Application Invited (Online / Offline)

Applications are invited from DAV CBT qualified candidates with Provisional Eligibility Card(PEC) for the session 2024-25, as per details :

#	Post	Subject	Essential Qualification /Desirable Qualification
1	TGT's :	English, Maths, Science, Social Science	Graduation in respective subject with B.Ed& TET/ CTET Qualified
2	PRT's :	Hindi, Science, Maths, Social science , Computer, Sanskrit ,Physical Edu. , Music.	JBT/ MCA/ Graduation in respective subject with B.Edor Bridge Course & TET/ CTET Qualified
3	EEDP :	Nursery Teacher, LKG , UKG	Qualification as per Norms with DAV CBT PEC

Special Note : Only DAV CMC CBT qualified candidates are eligible and Job is transferable to any DAV public school across India. Final selection will be made on the basis of Demonstration & Subject/Panel Interview held at the respective schools, subject to verification of P.E.C.

Application may reach in the office within 7 days from the advertisement on school email id : **dav_jamthal@yahoo.com** . School management reserve the right abolish or create any post. No TA/DA will be paid to any one.

Principal **Manager**

पूरे देश के फैन्स द ग्रेट इंडियन कपिल शो देखकर हुए नेटफ्लिक्स के शुक्र गुजार

अमूल्या/देवभूमि मिरर

चंडीगढ़। कपिल...कपिल के नारों, जोश, उत्साह, ढोल, गिद्दा और ढेर सारे प्यार के बीच द ग्रेट इंडियन कपिल शो का प्रीमियर देखने के लिए विभिन्न शहरों में फैन्स अपने दोस्तों, परिवारों और पड़ोसियों के साथ इकट्ठा हो गए। सभी के चेहरों पर मुस्कान थी जब वे 3, 2, 1 चिल्ला रहे थे और टुडम के साथ, कपिल शर्मा और उनकी गैंग- सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह ने एक शानदार शुरूआत की।चंडीगढ़ में क्रेज इतना ज्यादा था कि लगभग 300 फैन्स हाथ से बने पोस्टर लेकर यहाँ पहुँचे, उन्होंने एक फोटो बूथ स्थापित किया और पहले एपिसोड का आनंद लिया, जिसमें कपूर परिवार के सदस्यों-रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर सहानी को बुलाया गया था।यहाँ उम्र की कोई सीमा नहीं थी। जो परिवार एक साथ पहला एपिसोड देखने के लिए आए थे, वो नेटफ्लिक्स के शुक्रगुजार थे, जो कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर को एक साथ लेकर आया। उनकी केमिस्ट्री में जादू है, जो इससे स्पष्ट है कि ये दोनों ही स्क्रीन पर धूम मचा देते हैं। यह वो जोड़ी है जिसे सभी पसंद करते हैं, और चाहते हैं कि उनके बीच भाईचारा बरकरार रहे! यह इससे स्पष्ट है कि

एक फैन ने चिल्लाकर कहा-नजर ना लगे।लोगों का प्यार देखकर कपिल शर्मा ने कहा, हमारे सभी फैन्स को बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपका बहुत आभारी हूँ। आपके जीवन का हिस्सा बनकर और आपको अपने साथ हँसाकर हम सभी को बहुत खुशी होती है, और यही हमारी दुनिया है। आपका प्यार हमें और अच्छा करते रहने की प्रेरणा देता है! आप सभी नेटफ्लिक्स पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो देखते रहें झ जहाँ हम आपके लिए हर शनिवार रात 8 बजे एक नया एपिसोड लेकर आएंगे।

मदरहुड हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने एक मनोरंजक और जानकारीवर्धक बेबी शॉवर कार्यक्रम का आयोजन किया

अमूल्या/देवभूमि मिरर

चंडीगढ़। मदरहुड हॉस्पिटल में गर्भवती महिलाओं की जानकारी बढ़ाने और उनका गर्भावस्था का सफर खुशनुमा बनाने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार, 31 मार्च, 2024 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक मोहाली स्थिति मदरहुड हॉस्पिटल में आयोजित इस गोदभराई कार्यक्रम में सभी गर्भवती महिलाओं को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में मनोरंजक गेम्स, आनंददायक गतिविधियों और स्वादिष्ट भोजन के साथ विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भावस्था का सफर ज्यादा आनंददायक बनाना था।इस अवसर पर सुगम और स्वस्थ गर्भावस्था बनाए रखने के लिए मागदर्शन प्रदान करने के लिए मदरहुड हॉस्पिटल मोहाली में ऑब्सटिट्रिशियन एवं

गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. तेजिंदर कौर, डॉ. बबिता राजेश चौहान और डॉ. एकावली गुप्ता के साथ डायटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट, साहिबा अग्रवाल और फिजियोथेरेपिस्ट, डॉ. अर्विन कौर भी मौजूद थे।इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दिलचस्प सत्रों का आयोजन किया, जिनमें गर्भावस्था के विभिन्न चरणों को विस्तार से समझाया गया। इसके अलावा कार्यक्रम का माहौल खुशनुमा बनाने के लिए गर्भवती महिलाओं की रुचियों के अनुसार इंटरैक्टिव गेम्स और गतिविधियाँ तैयार की गईं। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाली महिलाओं को बेड की बुकिंग पर विशेष छूट भी दी गई, और उन्हें अन्य गर्भवती महिलाओं से संपर्क करने, अपने अनुभव साझा करने, और अपनी गर्भावस्था का सफर बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने का अवसर भी मिला।

सोनीपत में लोकसभा प्रचार के लिए गाइडलाइन जारी

सोनीपत। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू हो गई है। छह विधानसभाओं में राजनैतिक दलों तथा उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए रैली स्थान के साथ-साथ पोस्टर, बैनर तथा होर्डिंग लगाने के लिए स्थान निर्धारित किए गए है। उन्होंने बताया कि 28-गन्नौर विधानसभा क्षेत्र में रैली करने के लिए नई अनाज मण्डी गन्नौर तथा बीएसटी ग्राउंड गन्नौर होंगी। 29-राई विधानसभा क्षेत्र में रैली करने के लिए एचएसआईआईडीसी राई का मैदान, एचएसआईआईडीसी कुण्डली में निफ्टम के पास वाला मैदान, राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में राई स्पोर्टस स्कूल राई के पीछे वाला स्थान निर्धारित किया गया है। 30-खरखौदा विधानसभा क्षेत्र में रोहतक रोड़ खरखौदा स्थित अनाज मण्डी, सरकारी अस्पताल के साथ खाली पड़ा मैदान तथा थाना कलां रोड़ पर स्थित जागृति स्थल को रैली करने के लिए निर्धारित किया गया है।

जीसीई20 में फिल्म 'रब्ब दी आवाज' की 7वीं प्रीमियर स्क्रीनिंग

अमूल्या/देवभूमि मिरर

चंडीगढ़। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ओजस्वी शर्मा द्वारा निर्देशित विकलांगता, मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित भारत की पहली बहु-समावेशी फिल्म रब दी आवाज की 7वीं प्रीमियर स्क्रीनिंग आज गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20 डी, चंडीगढ़ में आयोजित की गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. सपना नंदा ने फिल्म के स्टार कलाकारों शिव कुमार शर्मा (कॉलेज के पूर्व छात्र), अभिनव शर्मा, हरविंदर सिंह और वरुण नारंग का स्वागत किया। फिल्म की स्टारकास्ट ने संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ बातचीत की। यह फिल्म बेहतरीन सामाजिक नाटकों में से एक है,

जो कई सामाजिक और व्यावहारिक संदेश देती है। "नेत्र" विकलांग व्यक्तियों पर केंद्रित यह फिल्म दर्शकों के जुड़ाव को एक नए स्तर पर ले जाती है। एक अंधे प्रतियोगी, शिव कुमार की शक्तिशाली प्रेरक पंक्तियों का समावेश, दर्शकों के लिए वास्तविकता की गहरी समझ लाता है, जो उन्हें फिल्म के मुख्य विषयों से गहराई से जोड़ता है। निर्देशक ने कॉमेडी को एक गौण लेकिन महत्वपूर्ण तत्व के रूप में जिस चतुराई से प्रस्तुत किया है वह दर्शकों को पूरी कहानी के दौरान उत्साहित और बांधे रखता है।

जींद के गायक सन्नी किरोड़ी को मिली धमकी, केस दर्ज

जींद। नगर के सिंगर सन्नी किरोड़ी को समाज के नाम पर गाना गाना न छोड़ने पर उसे उठवाने की धमकी मिली है। उससे फोन पर रंगदारी भी मांगने का आरोप लगाया है। सन्नी की शिकायत पर नरवाना शहर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सन्नी किरोड़ी ने बताया कि वह हरियाणवी गाने गाता है। अपनी स्टूडियो में काम कर रहा था तभी रात को 10 बजे के करीब उसके पास कॉल आई और कॉल करने वाले ने उसे रंगदारी मांगी और उठवा लेने की धमकी दी। सन्नी का आरोप है

फतेहाबाद में किसानों ने विधायक को दिखाए काले झंडे

देवभूमि मिरर/फतेहाबाद

जिले के रतिया उपमंडल के गांव चनकोठी में रविवार दोपहर को पहुंचे विधायक लक्ष्मण नापा को किसान संगठनों के विरोध का सामना करना पड़ा। किसानों ने गांव में एकजुट होकर विधायक के गांव में आगमन पर विरोध जताते हुए उन्हें काले झंडे दिखाए तथा भाजपा सरकार और विधायक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। किसानों द्वारा विरोध करने की सूचना मिलने के चलते प्रशासन द्वारा सदर थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई के नेतृत्व में विधायक के आने से पूर्व ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था। जिस तरह से किसानों ने भाजपा के चुनावी कार्यक्रमों का विरोध करना शुरू कर

दिया है उसके चलते सिरसा लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई है क्योंकि किसान संगठनों ने दो दिन पूर्व भी बैठक कर रतिया में 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री आगमन का विरोध करने का भी निर्णय लिया है। सिरसा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर के समर्थन में वोट मांगने तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की 5 अप्रैल की रतिया में होने वाली रैली के न्यौते को लेकर विधायक लक्ष्मण नापा रविवार को गांव चनकोठी में पहुंचे। विधायक के आने की सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के ब्लॉक अध्यक्ष गुरलाल सिंह की अध्यक्षता में किसान इकट्ठा होने शुरू हो गए।

राजस्थान के दो युवक टॉस्क देकर फ्रॉड करने के आरोप में गिरफ्तार

देवभूमि मिरर/झज्जर

जिला पुलिस ने टॉस्क देकर फ्रॉड करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों राजस्थान के निवासी हैं। पुलिस ने रविवार को दोनों को अदालत में पेश किया। अदालत ने एक आरोपी को पांच दिन के पुलिस रिमांड और दूसरे को चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला 10 अप्रैल 2023 का है। उस दिन झज्जर के दिल्ली गेट निवासी करण के मोबाइल पर व्हाट्सएप से एक संदेश प्राप्त हुआ था और उसने उसका जवाब दे दिया। इसके बाद साइबर अपराधी ने अपना

कार्य शुरू करते हुए करण के पास एक लिंक भेजा और तीन टास्क पूरे करने के लिए कहा। उन्होंने टास्क पूरे कर दिए तो उसे टेलीग्राम पेज लाइक करने पर 150 रुपये प्राप्त होने का लालच दिया। इसके बाद उसकी बैंक डिटेल मांगी गई और उसने अपनी यूपीआई आईडी भेज दी। इसके बाद उसके अकाउंट में 150 रुपये आ गए। ठगों के कहने पर वह इस लोभ-लालच में फंसता चला गया और उससे अलग-अलग तरह से करीब एक लाख 80 हजार रुपये ऐंठ लिए। सूचना प्राप्त होने के बाद पुलिस टीम द्वारा साइबर थाना झज्जर में आपराधिक मामला दर्ज किया गया।

पुलिस व आईटीबीपी के जवानों ने बल्लभगढ़ जोन के गांवों में किया फ्लैग मार्च

फरीदाबाद। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की कवायद में लगे जिला प्रशासन ने रविवार को बल्लभगढ़ जोन के गांवों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने सभी को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि एसीपी तिगांव राजेश लोहान के नेतृत्व में आज फरीदाबाद पुलिस और आईटीबीपी फोर्स के जवानों ने बल्लभगढ़ जोन के गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। इस फ्लैग मार्च में थाना सदर बल्लभगढ़ प्रभारी उमेश कुमार छान्यसा, तिगांव, आदर्श नगर, सेक्टर 8, महिला थाना बल्लबगढ़ थाना प्रभारी तथा आईपीबीटी की तरफ से इंचार्ज इंस्पेक्टर जगन्नाथ सिंह 2 कंपनी के साथ मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद पुलिस ने आइटीबीपी की दो कंपनियों के साथ मिलकर विभिन्न एरिया में जाकर वहां पर रहने वाले लोगों को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जागरूक किया ताकि समाज में शांति व्यवस्था सुदृढ़ की जा सके। पुलिस तथा आइटीबीपी का फ्लैग मार्च सदर बल्लभगढ़ से शुरू होकर गांव शाहपुर, सुनपेड़, डीग, फतेहपुर बिलौच होते हुए गांव अटेरणा, मोहना, छायंसा, दयालपुर, मच्छरगर, चंदावली गढखेड़ा नरहावली,, नरीयाला, हीरापुर, पन्हेरा खुर्द,अरूवा, गाजीपुर खादर, चांदपुर, मोटूका, गांव फजुपुर, कोराली, तिगांव मेन मार्केट के बाद नवादा, मुझेड़ी, तिगांव पुल से होते हुए चंदावली पुल से मलेरणा रोड, गुप्ता होटल, अंबेडकर चौक, तिगांव रोड, पुलिस चौकी सेक्टर 3 से होते हुए मिलन चौक से थाना सेक्टर 8 पहुंची। इस फ्लैग मार्च के जरिए प्रशासन ने आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने और चुनाव का माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्व को चेतावनी भी दी।

गृह क्लेश में पत्नी की हत्या

जींद। नरवाना खंड के गांव दनौदाखुर्द में रविवार सुबह घरेलू कलह के चलते पति ने पत्नी की सोटे से वार कर हत्या कर दी और फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर आरोपित पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है गांव दनौदा खुर्द के रहने वाले महेंद्र तथा उसकी पत्नी पूजा (35) के बीच अक्सर झगड़ा होता था। रविवार को पूजा कमरे में साई थी। तभी दोनों में अनबन हो गई। तैश में आकर महेंद्र ने पूजा के सिर पर सोटे से वार कर दिया। बच्चों के शोर मचाने पर आरोपित महेंद्र का बडा भाई मौके पर पहुंच लेकिन तब तक पूजा की मौत हो चुकी थी।

नहर में मिले शव की हुई शिनाख्त, दोस्तों ने हत्या कर नहर में फेंका था शव

देवभूमि मिरर/जींद

गांव ईक्कस के पास हांसी ब्रांच नहर में हत्या कर फेंके गए शव की शिनाख्त होने के साथ ही पुलिस ने हत्या की गुत्थी भी सुलझा ली है। दोस्तों ने ही 4 फरवरी को शराब पीने के बाद विवाद होने पर युवक की ईंट मार कर हत्याकर दी और शव नहर में फेंक दिया था। दरअसल, सदर थाना पुलिस ने 26 मार्च शाम को गांव ईक्कस के निकट हांसी ब्रांच नहर से एक व्यक्ति का शव बरामद किया था। उसके सिर पर चोट का निशान था। पोस्टमार्टम से खुलासा हुआ कि युवक की मौत डूबने से नहीं बल्कि उसकी सिर पर गंभीर चोट मारकर हत्या की गई है। गांव रामराय

निवासी सुमित की शिकायत पर 28 मार्च को अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या करने और शव को गायब करने का मामला दर्ज किया था। इसी बीच शनिवार को मृतक की शिनाख्त घरौंडा निवासी अमन (28) के रूप में हुई है। मृतक के चाचा जगदीश ने बताया कि घरौंडा करनाल निवासी अविवाहित मृतक अमन शादियों में वेटर का कार्य करता था। गत 4 फरवरी को अमन अपने दोस्त प्रदीप, अक्षक, अनुज के साथ गया था। इसके बाद उसका पता नहीं चला। परिजनों ने 9 फरवरी को घरौंडा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 30 मार्च को शव की शिनाख्त हो गई। इसके बाद जब पुलिस ने छानबीन शुरू की तो पता चला कि अमन की हत्या उसके दोस्तों ने 4 फरवरी को गांव जैणी नहर हैड के निकट शराब पीने के दौरान ईंट मारकर कर दी थी। इसके बाद शव को गायब करने के उद्देश्य से नहर में फेंक दिया था। पुलिस के अनुसार व्यक्ति की हत्या उसके दोस्तों ने लगभग 57 दिन पहले कर दी थी। हत्या से पूर्व अमन को ज्यादा शराब पिलाई गई थी। सदर थाना के जांच अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान हो गई है। शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

साइबर क्राइम के चार केसों में 11 आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। एसीपी साइबर क्राइम अभिमन्यु गोयत के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए तीनों जोन की साइबर थाना प्रभारियों की टीमों द्वारा इस सप्ताह 22 से 28 मार्च तक साइबर अपराध के चार मुकदमों में 11 आरोपी गिरफ्तार कर 1.45 लाख रुपए बरामद किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में कानपुर निवासी अंकुर कुमार, दिल्ली के शाहदरा निवासी रवि कुमार, बिहार के कटिहार निवासी बाबू कुमार, दिल्ली के सोनिया विहार निवासी नीरज कुमार, इलाहाबाद निवासी मोहम्मद कैश, जामताड़ा निवासी राकेश मिश्रा, देहरादून निवासी गोविंद कुमार, मेरठ निवासी सूफी वर्मा, गाजियाबाद निवासी आशुतोष मिश्रा उर्फ अंकुर, मेरठ निवासी हेमा तथा बुलंदशहर निवासी राधे श्याम का नाम शामिल है जिन्हें दिल्ली एनसीआर, यूपी इत्यादि स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। उक्त मामलों में 02 केस साइबर सेंट्रल, 01 साइबर बल्लबगढ़ तथा 01 मामला साइबर एनआईटी ने सुलझाया वहीं 194 शिकायतों का निस्तारण करते हुए आठ लाख 43 हजार 258 रुपये वापस व 90 हजार 186 रुपए बैंक खातों में सीज कराएं।

इंटर हाउस एथलेटिक मीट में कुरूक्षेत्र हाउस ओवरऑल चैंपियन

देवभूमि मिरर/फतेहाबाद

गांव खाराखेड़ी स्थित सैनिक स्कूल में द्वितीय इंटर हाउस एथलेटिक मीट का आयोजन किया कया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद संगीता बिश्नोई ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस एथलीट मीट में कुल 28 इवेंट्स का आयोजन किया गया जिनमें 14 इवेंट्स लडकों व 14 इवेंट्स लड़कियों के लिए थे। 14 इवेंट्स में से 8 ट्रैक और 6 फील्ड इवेंट्स शामिल रहे। ट्रैक इवेंट्स में 100, 200, 400, 800, 1500 मीटर रेस, रिले रेस शामिल थे। फील्ड इवेंट्स में लॉन्ग जंप, हाई जंप, ट्रिपल जंप, जैवलिन थ्रो, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो शामिल थे। इस प्रतियोगिता का

मुख्य आकर्षण 100 मीटर फ्रंट रोल रहा जिसमें खिलाडियों ने अपनी गति, सहनशक्ति और शारीरिक मजबूती का बेहतरीन प्रदर्शन किया। फ्रंट रोल में लड़कियों में कैडेट हिमांशु सिहाग तथा लडकों में कैडेट आर्यन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि 400 मीटर का ट्रैक पूरे जिले में केवल सैनिक स्कूल खाराखेड़ी में ही उपलब्ध है। इस प्रतियोगिता में एक खिलाड़ी चार इवेंट्स में भाग ले सकता था। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र हाउस के लडके और लड़कियों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त करके ओवरऑल चैम्पियन का खिताब हासिल किया। लडकों में से बेस्ट एथलीट कैडेट शुभराज और लड़कियों में बेस्ट एथलीट कैडेट वंदना रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई द्वारा स्कूल परिसर में लगी साइंस और आर्ट एंड क्राफ्ट की प्रदर्शनी का भी दौरा किया गया। उन्होंने इस प्रदर्शनी की बेहद सराहना की। जिले के एकमात्र सैनिक स्कूल की प्रशंसा करते हुए संगीता बिश्नोई ने कहा कि इस जिले के लिए इस तरह का प्रतिष्ठित संस्थान होना सौभाग्य की बात है। छात्रों का प्रदर्शन और अनुशासन वास्तव में सराहनीय है। इस अवसर पर स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्सना, आदि

न्यूज एक्सप्रेस

पशु बाड़े में अफीम की खेती करता काबू

सिरसा। गांव सूबाखेड़ा में एक व्यक्ति ने अपने पशु बाड़े में अफीम की खेती कर रखी थी। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा ने मौके पर छापेमारी करके अफीम के पौधे बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ थाना बड़ागुढ़ा में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा शनिवार को दी गई जानकारी के अनुसार नारकोटिक्स सेल सिरसा की टीम शुक्रवार को गांव सूबाखेड़ा में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि गांव के जगतार सिंह उर्फ मंगू ने अपने पशु बाड़े में तारबंदी के अंदर अफीम के पौधे लगा रखे हैं। इसके बाद पुलिस ने तुरंत मौके पर छापेमारी की। पुलिस पशु बाड़े में पहुंची तो एक व्यक्ति वहां खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और बाड़े की तलाशी ली तो यहां पर अफीम के पौधे उगे दिखाई दिए। पूछताछ में व्यक्ति की पहचान जगतार सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने उससे अफीम की खेती करने का लाइसेंस मांगा तो जगतार सिंह पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने अफीम के करीब दो किलों पौधे उखाड़कर अपने कब्जे में ले लिए। पुलिस ने जगतार सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

अश्लील फोटो खींच यौन शोषण करने पर मामला दर्ज

जींद। सदर थाना सफीदों पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म कर अश्लील फोटो खींच ब्लैकमेल कर यौन शोषण करने पर एक व्यक्ति के खिलाफ यौन शोषण करने, मारपीट करने, आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। घटना रोहतक जिले की होने के चलते जीरो एफआईआर दर्ज कर रोहतक पुलिस को भेज दी गई है। सदर थाना सफीदों इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका मायका रोहतक जिले में है। गांव फरमाना सोनीपत निवासी प्रवीण अपनी बुआ के पास उनके गांव आता था। सितंबर 2021 में आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसकी उसने अश्लील फोटो भी खींच ली। जिसके बाद आरोपित ने वायरल करने की धमकी देकर उसका यौन शोषण करना शुरू कर दिया। जब भी वह विरोध करती तो फोटो वायरल करने की धमकी देता ओर उसके साथ मारपीट भी करता। बाद मे उसकी शादी हो गई। जिस पर आरोपित ने उसे ब्लैकमेल करना जारी रखा। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित प्रवीण के खिलाफ यौन शोषण करने, मारपीट करने, आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना सफीदों प्रभारी आत्मा राम ने बताया कि घटना रोहतक जिले की है। आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जीरो एफआईआर रोहतक पुलिस को भेज दी गई है।

हेरोइन रखने के दोषी को चार साल की कैद, डेढ़ लाख रुपए जुर्माना

कैथल। अतिरिक्त सेशन जज व विशेष न्यायालय एनडीपीएस संगीता राय सचदेव की अदालत ने हेरोइन रखने के दोषी अनिल को चार वर्ष कैद व डेढ़ लाख रुपए जुमार्ना, नीरज उर्फ सन्नी व नवीन उर्फ रीकी को दो-दो साल कैद व 25 हजार रुपए प्रत्येक को जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न देने पर अनिल को छह महीने तथा नीरज व नवीन को दो महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस बारे में 19 मई 2020 को कलायत थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। केस की पैरवी डीडीए जेबी गोयल ने की। उनका पैरवी में सहयोग उपकार सिंह नायब कोर्ट ने किया। एडीजे संगीता राय सचदेव ने दोनों पक्षा को सुनने के बाद तीनों को नशीला पदार्थ रखने व बेचने का दोषी पाया। मामले में कुल 16 गवाह एग्जामिन किए गए। अदालत ने अपने फैसले में अनिल को धारा 29 के तहत चार साल कठोर कारावास तथा नीरज और नवीन को धारा 21-बी के तहत दो-दो साल कैद की सजा सुनाई। अनिल पर डेढ़ लाख तथा नीरज और नवीन पर 25-25 हजार रुपए जुमार्ना किया गया है। बता दें कि अनिल पहले भी एनडीपीएस में सजा याफ्ता रह चुका है।

जींद में मरीजों को जांच के बगैर किया जा रहा रैफर, लगी फटकार

जींद। नगूरां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शनिवार को संस्थागत प्रसव को लेकर डा. राम ने आशा वर्करों तथा कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान डिलीवरी मामले में रेफरल को लेकर मिल रही शिकायतों को लेकर आशा वर्करों तथा कर्मचारियों को फटकार लगाई गई। चिकित्सक राम ने आशा वर्करों को संस्थागत प्रसव के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि प्रशिक्षत और सक्षम स्वास्थ्य कर्मियों की समग्र देखरेख में बच्चे का जन्म होने से मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रहते हैं तथा जच्चा-बच्चा दोनों की अच्छी तरह से देखभाल हो जाती है। जिससे शिशु और माता मृत्यु दर में काफी कमी आ जाती है। उन्होंने बताया कि अधिक जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के लिए संस्थागत प्रसव सबसे सुरक्षित है। क्योंकि बाल रोग विशेषज्ञ तथा स्त्रीरोग विशेषज्ञ हर समय अस्पताल में उपलब्ध रहते हैं। आशा वर्कर तथा कर्मचारी सरकार व स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगूरां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर खोले डिलीवरी हट को सफल बनाने का प्रयास करें। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षित स्टाफ की नियुक्ति 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध है। उन्होंने आशा वर्करों को कहा कि अपने आसपास की डिलीवरी नीजि अस्पतालों में न ले जाकर सरकारी अस्पतालों में लेकर आएं ताकि लोगों के आर्थिक तथा मानसिक स्थितियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा, संजय कुमार, एएनएम हरिता के अलावा जुगेश, सुनिता, सीमा, संतोष, गीता, मुकेश, बिमला, मंजू, शंकुतला, सुमन आदि उपस्थित थी।

शादी के लिए नाबालिग का अपहरण,घर से दही लेने के लिए निकली थी

कैथल। शहर की बलराज नगर कॉलोनी से एक युवक, एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। नाबालिग युवती कैथल में अपनी बहन के घर आई हुई थी। पुलिस दोनों की तलाश करने में जुटी हुई है। सिविल लाइन थाना में गई शिकायत में बलराज नगर निवासी महिला ने बताया कि 15 मार्च को उसकी नाबालिग बहन उनके पास आई हुई थी। इस दौरान 20 मार्च की दोपहर समय कालोनी में ही वह उसकी बहन के घर गई थी। इसके बाद वह इसी दिन शाम के समय दहीं लेने का बहाना बनाकर वहां से चली गई। उसकी आरोपी अजय से दो से तीन बार फोन पर बात भी हुई। वह अपने साथ पांच हजार रुपए भी लेकर गई है। आरोपी अजय करनाल का निवासी है और उसकी आयु 25 साल की, जबकि नाबालिग किशोरी आयु महज 16 साल की है। आरोपी अजय ने किशोरी को गुमराह किया। इसके चलते ही वह उसका अपहरण करके ले गया। सिविल लाइन थाना की एएसआई सुदेश रानी ने बताया कि महिला की शिकायत पर अजय के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर दिया गया है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

करमवीर सिंह ने इंटर विवि कराटे में हासिल किया तीसरा स्थान

यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज, यमुनानगर के बीएससी स्पोर्ट्स तृतीय वर्ष के छात्र करमवीर सिंह ने पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में आयोजित नॉर्थ ईस्ट जोन कराटे इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया। कालेज प्राचार्य डॉ. हरिंदर सिंह कंग ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि करमवीर सिंह बीएससी स्पोर्ट्स तृतीय वर्ष का छात्र है। खेल के प्रति उनके समर्पण, दृढ़ता और खेल कौशल से उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग के डीन डॉ. बोधराज और प्रमुख डॉ. रणजीत सिंह के साथ, कराटे में करमवीर की उत्कृष्ट प्रतिभा और कौशल की प्रशंसा की, और छात्रों के बीच अनुशासन, दृढ़ संकल्प और नेतृत्व गुणों को बढ़ावा देने में खेल के महत्व को रेखांकित किया। प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन रणदीप सिंह जौहर ने गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के प्रतिनिधित्व पर गर्व व्यक्त करते हुए करमवीर सिंह की उपलब्धि की सराहना की।

चुनाव में शराब बिक्री पर रहेगी आयोग की नजर: मुख्य निर्वाचन अधिकारी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी, जिसके लिए शराब की बिक्री पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ पुलिस विभाग की ओर से सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों व स्थानों पर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी नजर रखते हुए प्रदेश में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने में सजगता रखनी है। पुलिस प्रशासन सहित आबकारी विभाग द्वारा शराब के वैध वेंडर व उनके स्टॉक आदि की निरंतर चेकिंग की जाए।

तेजस्विनी ने सविष्कार की राष्ट्रीय कार्यशाला में किया हिमाचली संस्कृति का प्रदर्शन

देवभूमि मिरर/मंडी

सविष्कार हिमाचल की प्रान्त संयोजक तेजस्विनी सिंह ने सविष्कार की राष्ट्रीय कार्यशाला 2024 में हिमाचली संस्कृति को बढ़ावा देते हुए चर्चा की कि हिमाचल में किस प्रकार के स्टार्टअप हो सकते हैं । उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं है कि स्टार्टअप केवल तकनीकी क्षेत्र में ही शुरू किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल एक कृषि प्रधान प्रदेश है और यहाँ पर हमें तकनीकी या उद्योगी क्षेत्र के अलावा सांस्कृतिक उद्यमिता पर बहुत से स्टार्टअप मिल सकते हैं क्योंकि हिमाचल देवभूमि के साथ साथ सांकृतिक केंद्र भी है । यह कार्यशालाअहमदाबाद (कर्णावती) में 2 दिन तक रही जिसमे स्टार्टअप को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और सविष्कार हिमाचल नें भी इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लिया । इस कार्यशाला में अलग अलग सत्रों में विभिन्न विषयों में मंथन किया गया ।

इस कार्यशाला में विशेष रूप से प्रो. उन्नत पी पंडित , कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेंट्स, डिजाइन, ट्रेड मार्क्स , आशीष चौहान राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, प्रवीन नाहर निदेशक एनआईडी अहमदाबाद, डॉ सुनील शुक्ला महानिदेशक ईडीएलएल, क्रांतिसागर मोरे राष्ट्रीय संयोजक सविष्कार मौजूद रहे कार्यशाला में 2 सत्र पैनल डिस्कशन के भी रहे जिसमें अलग अलग स्टार्टअप के फाउंडर भी वहाँ मौजूद रहे ।

हिमाचल के बहुमूल्य विस्मृत आहार...खाद्य परंपरा से हो रहे हैं बाहर

भोजन के लिए उगाई जाने वाले कुल 6000 पौधों की विविधता में से मात्र नौ पौधों का हो रहा है उपयोग

देवभूमि मिरर/मंडी

राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी की वनस्पति विज्ञान की सहायक प्रोफेसर तारा सेन का कहना है कि मौजूदा समय में जो भोजन हम लोग आमतौर पर ले रहे हैं वह बहुत ही सीमित फसलों से आ रहा है और धीरे-धीरे भोजन के रूप में प्रयुक्त होने वाली कुल फसलों की सं या कम से कम होती जा रही है। उनका कहना है कि वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार भोजन के लिए उगाई जाने वाली कुल 6000 पौधों की विविधता में से, लगभग 66 प्रतिशत भोजन की आपूर्ति सिर्फ 9 पौधों से होती है। परिणामस्वरूप कई फल और सब्जियों जो कि कभी हमारी रसोई के महत्वपूर्ण अंग रहे। अब खाद्य प्लेट से गायब हो रहे हैं और उन्हें विस्मृत

आहार या भुला हुआ भोजन माना जा रहा है। यह प्रवृमि पूरी दुनिया में चल रही है और इसका नतीजा यह है कि धरती और भोजन की थाली दोनों से ही पोषक तत्वों का लगातार क्षय होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी हिमालय में स्थित होने के कारण यहां की समृद्ध जैव और भौगोलिक विविधता एवं विशिष्ट सांस्कृतिक प्रभाव से हिमाचल प्रदेश की एक समृद्ध पाक-परंपरा है। यहां के कई वनस्पति उत्पाद और व्यंजन जैसे, गुच्छी, लींगड़, हींग, नियोजा, छरमा आदि वैश्विक प्रसिद्धि प्राप्त है। वही कई अन्य बशार का आटा, बिच्छूबुटी का साग, सीक के बीज से बनी मिठाई अपने विविध चिकित्सीय गुणों के कारण खाए जाते हैं। लेकिन ये पारंपरिक व्यंजन धीरे-धीरे हमारे भोजन की थाली से गायब होते जा रहे हैं। डा. तारा का मानना है कि इसके पीछे सबसे प्रमुख कारण यह है

रिवालसर पुलिस ने पकड़ी चिट्टे की बड़ी खेप, तीन तस्कर गिरफ्तार

लक्ष्मी दत्त शर्मा/देवभूमि मिरर

रिवालसर। जिला पुलिस ने नशा माफिया पर बड़ी कार्यवाई कर उनके कब्जे से 287 ग्राम चिट्टे की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में करीब 10 लाख रुपये कीमत का अनुमान है। मामले में तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दीपक सिंह बर्मा(26) गांव बतैल तहसील बलद्वाड़ा, करतार सिंह (48) गांव भांवला तहसील बलद्वाड़ा जिला मण्डी , अनूराग शर्मा (31) गांव वाहनवी तहसील भोरन्ज जिला हमीरपूर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गत रविवार देर रात कलखर- नेरचौक सड़क मार्ग स्थित बनौण गांव बाबा बालक नाथ मंदिर के पास एएसआई देवराज प्रभारी पुलिस चौकी रिवालसर की अगवाई में पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर आने जाने बाले वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही थी। इस दौरान कलखर से नेरचौक की तरफ जा रही एक आल्टो कार को जांच के लिए रोका गया। तथा चैकिंग के दौरान कार में फुटमेट के नीचे उपरोक्त मात्रा में मादक पदार्थ मिला है।

जोगिंद्रनगर में कांग्रेस का ड्रामा हास्य पद: अजय सकलानी

देवभूमि मिरर/जोगिंद्रनगर

भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय सकलानी ने जारी बयान में पिछले कल जोगिंद्रनगर में काग्रेस द्वारा किए गए ड्रामे को हास्यपद बताया , उन्होंने कहा कि पिछले कल कांग्रेस के कुछ लोगो को भाजपा पदाधिकारी बता कर कांग्रेस के पटके पहना कर वाही वाही लूटने का प्रयास हुआ । अजय सकलानी ने कहा कि 2022 के चुनाव में भी इनमें से अधिकतर लोग काग्रेस का घर घर प्रचार कर रहे थे । आज जब सरकार बने 15 महीने से अधिक का समय हो गया तो स्थानीय काग्रेसी नेता को ऐसी क्या जरूरत आन पड़ी की उन्ही कांग्रेसियों को पुनः काँग्रेस में शामिल करने का ढोंग जनता को दिखाना पड़ रहा है । जबकि कांग्रेस के ब्लाक सचिव व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय धरवाल , पूर्व ब्लॉक महिला कांग्रेस प्रमुख , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा व पार्षद , सहित ब्लॉक महिला काग्रेस सचिव शीला देवी अभी हाल ही काग्रेस से भाजपा में आए है । जिन्होंने अपने बयान में कहा है कि जब से प्रदेश में काग्रेस की सरकार बनी है जोगिंद्रनगर विधान सभा क्षेत्र सहित नगर पंचायत के विकास को ग्रहण लग चुका है ।

मृकुला मंदिर से शोभा यात्रा के साथ उदयपुर में शुरू हुआ लाहौल का जनजातीय शरदोत्सव

देवभूमि मिरर/केलांग

जिला लाहौल स्पीति में पर्यटन की अपार संभावनाओं को मध्य नजर रखते हुए शरदोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्र के अनछुए पर्यटन स्थलों को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उजागर करने की दृष्टिगत एक दिवसीय शरदोत्सव का भव्य आयोजन घाटी के उदयपुर में हो रहा है । धार्मिक पर्यटन व शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन ,शरद ऋतु में मनाए

जाने वाले इन त्योहारों के संग पर्यटकों की आमद बढ़ने के लिए प्रयासरत है। ताकी इस क्षेत्र में रोजगार को और बढ़ावा मिल सके और लोग यहां की वैभवशाली संस्कृति को जान सके इसी कड़ी में उदयपुर उप मंडल में द्वितीय चरण में शरद उत्सव का आयोजन किया गया। शरदोत्सव में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की । इस अवसर पर उदयपुर स्थित मृकुला माता मंदिर में उपायुक्त ने शीश नवाया और शोभा यात्रा की भी अगुवाई की । शोभा यात्रा में सैकड़ो ग्रामीणों ने विशेष कर स्थानीय महिलाओं द्वारा स्थानीय परिधानों में सज धज कर हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। उपयुक्त ने कहा कि इस क्षेत्र की अनूठी संस्कृति अपने आप में एक अलग पहचान लिए हुए हैं इसके संरक्षण व संवर्धन को लेकर प्रशासन भी प्रयासरत है

एसडीएम बल्ह द्वारा वोट करेगा बल्ह कार्यक्रम का किया शुभारंभ

अत्तित कौर/देवभूमि मिरर

नेरचौक। सहायक रिटरनिंग अधिकारी एंव एसडीएम बल्ह विशाल शर्मा द्वारा लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न करवाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया। सोमवार को बल्ह विधानसभा में एसडीएम के द्वारा वोट करेगा बल्ह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी बल्ह सिकंदर, स्वीप टीम व उप मण्डल बल्ह के कर्मचारी मौजूद रहे क विशाल शर्मा द्वारा स्वीप टीम के माध्यम से विधान सभा के प्रत्येक मतदान केंद्र पर पंजीकरण व मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान शुरू किया है प्रथम चरण में उन पात्र मतदाताओं पर लक्ष्य रखा गया है जो कि मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं है। इसके लिए खंड विकास अधिकारी बल्ह, पंचायत सचिव व बूथ स्तर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे 1 अप्रैल, 2024 की अहर्ता तिथि अनुसार बचे हुए सभी पात्र नागरिकों को जल्द से जल्द पंजीकृत करें। मतदाता सूचि में 18-19 वर्ष की आयु वर्ग में अनुमानित जनसँख्या के अनुसार 16% कम मतदाता पंजीकृत हैक जिन्हें पंजीकृत करने का लक्ष्य रखा गया हैक सहायक रिटरनिंग अधिकारी द्वारा बताया गया कि इसके पश्चात उन मतदान केंद्र पर ध्यान दिया जायेगा जहाँ लोक सभा चुनाव 2019 मे मतदान प्रतिशत 75% से कम रहा था। इसके लिए ग्राम सभा में नुकड़ नाटक, महिला मण्डल, युवक मंडल व स्वय सहायता समूह के द्वारा बूथ स्तर पर प्रत्येक मतदान केंद्र में मत के प्रति जागरुकता का अभियान चलाया जायेगा। मतदाता जागरूकता के लिएअधिकाधिक प्रचार-प्रसार व स्वीप गतिविधियों के आयोजन के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जायेगा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने, मतदाता जागरूकता पोस्टर्स का प्रदर्शन करने और स्वीप गतिविधियों में मदद करेगी इसी प्रकार वोटर हेल्प लाइन ऐप, सक्षम ऐप, सी-विजिल ऐप, केवाईसी ऐप, हेल्पलाइन नम्बर 1950 के प्रचार-प्रसार करने का काम किया

बल्ह में तत्काल शुरू किया जाए सब्जी मंडी का निर्माण

हिमाचल किसान सभा का एसडीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

अत्तित कौर/देवभूमि मिरर

नेरचौक। सोमवार को हिमाचल किसान सभा का एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम बल्ह से मिला और उनके माध्यम से उपायुक्त जिला मंडी व अध्यक्ष एपीएमसी संजीव गुलेरिया को ज्ञापन भेज कर बल्ह क्षेत्र में सब्जी मंडी का शीघ्र निर्माण करने की मांग उठाई । प्रतिनिधि मंडल के मुताबिक बल्ह में सब्जी मंडी के लिए जरलू मुहाल में जमीन आवंटित की गई है यह भी ज्ञात हुआ है सब्जी मंडी के निर्माण हेतु बजट का प्रावधान भी कर दिया गया है परंतु अभी तक निर्माण कार्य को शुरू नहीं किया गया है जबकि कुछ महीनो बाद बरसात का मौसम शुरू हो जाएगा फिर निर्माण करना

मुश्किल हो जाएगा प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन एवं सरकार से सब्जी मंडी का निर्माण तत्काल शुरू करने की बात कही है ताकि बल्ह के सब्जी उत्पादकों को जल्द से जल्द सब्जी मंडी की सुविधा मिल सके किसान सभा सचिव रामजी दास व अध्यक्ष प्रेम दास चौधरी ने बताया कि किसान सभा को उम्मीद है कि बल्ह में सब्जी मंडी के निर्माण को प्रशासन एवं सरकार प्राथमिकता देगी । प्रतिनिधि मंडल में जोगिंदर वालिया,

14वीं राष्ट्रीय सैम्बो प्रतियोगिता में आशीष चौहान ने जीता स्वर्ण

सोढ़ी/देवभूमि मिरर

सुंदरनगर। भारतीय खेल संघ के तत्वाधान में हरियाणा के करनाल में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय सैम्बो प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम के खिलाड़ी आशीष चौहान ने पुरुष वर्ग में 53 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। फाइनल में आशीष ने पश्चिम बंगाल के खिलाड़ी को पराजित किया है। आशीष चौहान सुंदरनगर के कनैड गांव के रहने वाला है और सीसे स्कूल कनैड में जमा दो का छात्र है। इस उपलब्धि पर उनके गांव और सीसे स्कूल में खुशी की लहर है। सोमवार को प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर लौटे आशीष

चौहान का परिजनों और ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया है। आशीष के पिता भारतीय सेना में सैनिक रहे है और वर्तमान में एक एथेलेटिक्स अकादमी चला कर युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर रहे है। कोच निर्मल सिंह, सीसे स्कूल कनैड के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश, ग्राम पंचायत कनैड के प्रधान बिशन दास, उप प्रधान मनु गुप्ता, समाजसेवी भीम देव गौतम और विजय कुमार ने इस उपलब्धि पर आशीष को बधाई दी है।

बाजार में कचनारङ्कदवा के साथ सब्जी भी

सुंदरनगर। आधुनिकरण व भागदौड़ भरे व्यस्ततम जीवन में किसी भी व्यक्ति के पास कुदरती तौर पर सदियों से उपलब्ध होने वाली विभिन्न प्रकार की औषधियों व पदार्थों को हासिल करते हुए प्रयोग करने का समय नहीं है। लेकिन कुदरत द्वारा सालभर विशेष मौसमों में इनसान के प्रयोग हेतु समय समय पर कई प्रकार के पदार्थों को घर आंगन पर प्रयोग हेतु उपलब्ध करवा रहा है । इन दिनों कुछ ऐसी ही औषधीय गुणों से भरपूर कचनार (कराले) की कलियां पेड़ पर कुदरती रूप से निशुल्क उपलब्ध है। पौराणिक समय में वैद्य व हाकिम कचनार पेड़ की छाल, पत्तो और फूलों से विभिन्न मरीजों का उपचार करते थे।

पहले से बने टैंक से नई लाइनें बिछाए जाने का विरोध, डीसी को दिया ज्ञापन

देवभूमि मिरर/मंडी

मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र के उपमंडल कोटली के तहत आने वाली ग्राम पंचायत ढंढांल की हरिजन बस्ती हवाणी समराहण वार्ड नंबर चार के डेढ दर्जन लोगों ने उपायुक्त मंडी को एक ज्ञापन देकर गांव के लिए बने टैंक से और लाइनें बिछाने के कार्य का कड़ा विरोध किया है तथा मांग की है कि इस काम की जांच की जाए व इसे बंद करवाया जाए। हरिजन बस्ती के चेत राम, सुकरू राम, इंद्र देव, घनश्याम, ओम प्रकाश, ठाकर सिंह, टेक चंद, राज कुमार, रूप लाल, रीता देवी, रमेश, माया, तेज राम, दिला राम, बालक राम, बबली देवी व जगदीश आदि ने उपायुक्त को दिए गए ज्ञापन में कहा कि जल शक्ति विभाग के ठेकेदार द्वारा चुनावी आचार संहिता लगे होने के बावजूद भी गलत तरीके से कनेक्शन देने प्रक्रिया चलाई जा रही है। पहले से बने टैंक का डाया चौड़ा करके उसके नीचे पाइपें बिछाने का काम किया जा रहा है जबकि इस टैंक से जिन लोगों को पानी जाता है वह उनके लिए पर्याप्त है। यहां तक कि पंचायत उपप्रधान के घर को भी पहले से ही पानी का कनेक्शन है। जो भी काम किया जा रहा है वह किसी खास व्यक्तियों को अनुचित लाभ देने के लिए हो रहा है जिससे आने वाले समय में दलित बस्ती के लिए पेयजल का संकट खड़ा हो जाएगा। मांग की गई है कि इस सारे काम की जांच की जाए तथा इसे बंद करवाया जाए।

लघु शिवरात्रि मेला के दौरान आयोजित हुई रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता

देवभूमि मिरर/जोगिंद्रनगर

लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर के अवसर पर मतदान व मतदाता जागरूकता पर आधारित स्कूल व कॉलेज विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता के स्कूल वर्ग में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर की सृष्टि पहले, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलू की रिशीता दूसरे तथा डीएवी स्कूल जोगिन्दर नगर के अभिनव शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के कॉलेज वर्ग में राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दर नगर की मोनिका पहले, जोगिन्दर

नगर कॉलेज की ही दीक्षा दूसरे तथा आईटीआई जोगिन्दर नगर की शब्बू तीसरे स्थान पर रहीं। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक डॉ. सुनील ठाकुर ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता के स्कूल वर्ग में राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर पहले, मांउट मौर्य स्कूल दूसरे तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलू तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने बताया कि मेला समिति की ओर से पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वालों को नकद पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा।

सिद्ध बाबा बालक नाथ जी का भजन, छन छन बजदा चिमटा जोगी दा, हुआ रिलीज

देवभूमि मिरर/मंडी

प्रख्यात भजन गायक ललित शर्मा एवं शर्मा ब्रदर्स ने सिद्ध बाबा बालक नाथ जी के नए भजन , छन छन बजदा चिमटा जोगी दा, को यू टयूब चैनल पर रिलीज किया है। इस भजन का म्यूजिक एवं वीडियोग्राफी कपिल ब्रदर्स के द्वारा की गई है तथा इस भजन को ललित शर्मा एवं शर्मा ब्रदर्स ने मिलकर के गाया है और बाबा जी के भक्त इससे बड़े आनंद से सुन रहे हैं इससे पहले भी ललित शर्मा के

बहुत सारे भजन एवं वीडियो यूट्यूब चौनल पर अपलोड है जिसमे कि मंडिया रा राजा, कुलजा मां नैना ,तेरियां कसमा ना टुटीयां, पहाड़ी बजीर , नैना मैया तेरे द्वार, श्याम तेरिया गइयां मां आदिशक्ति आरती इसके अलावा और भी बहुत सारे भजन है जो ललित शर्मा के द्वारा गाए गए हैं ललित शर्मा इंडियन आर्मी से रिटायर होकर के आए हैं और भजन गाना उनका शौक है इस शौक के साथ हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ललित शर्मा ने सभी से आग्रह किया है कि वह इस भजन को जरूर देखें और सुन कर इसका आनंद उठाएं। उन्होंने कहा कि आगे आने वाले समय में और भी सनातन धर्म के लिए अपना कार्य करें ।

न्यूज एक्सप्रेस

उपायुक्त ने बंजार में महाविद्यालय स्थित स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण किया

देवभूमि मिरर/कुल्लू उपायुक कुल्लू ने ईवीएम स्ट्रॉग रूम के रूट प्लान एवं सड़क मार्ग का भी निरक्षण किया और हिमाचल लोक निर्माण विभाग को सड़क मार्ग को एक सप्ताह में बड़े एवं छोटे वाहनों को चलने योग्य बनाने के दिशानिर्देश दिए । और साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग को सड़क मार्ग में चल रहे कार्य में और गति लाने के निर्देश दिये । उपायुक्त के साथ निरीक्षण में उप मण्डल अधिकारी बंजार पंकज शर्मा, तहसीलदार बंजार रमेश कुमार, एसडीओ लोक निर्माण विभाग कीर्ति एसडीओ एनएच श्री टेहल सिंह प्राचार्य महाविद्यालय श्री जोगिंदर ठाकुर व अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

जिला लाहौल स्पीति में 7 अप्रैल को 5 साल तक के बच्चों की पिलाई जायेगी दो बूंद जिंदगी की : मुख्य चिकित्सा अधिकारी

देवभूमि मिरर/केलांग

मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला लाहौल स्पिति डॉ रोशन लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 मार्च, 2024 को पल्स पोलियो अभियान होना था जो कि भारी बर्फवारी की वजह से स्थगित करना पडा । अब इस पल्स पोलियो अभियान को 7 अप्रैल , 2024 को जिला लाहौल एंव स्पिति में होना निश्चित हुआ है । इस अभियान में 50 बूथों में 1270 बच्चों (लाहौल-641, स्पिति-629) को 7 अप्रेल को सभी बूथ में तथा 8 और 9 अप्रेल को घर-घर जा पोलियों की दो बूंदें पिलाई जाएगी । उन्होंने यह भी बताया कि सभी तरह के लाजिस्टिकस तथा पोलियो वेक्सीन को 7 अप्रैल से पहले हर पोलियो बूथ तक पहुंचा दिया जाएगा । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सर्व साधारण को सूचित किया है की आप सभी 7 अप्रेल को 5 साल से कम उम्र के सभी बच्चों को अपने नजदीकी पोलियो बूथ में ले जाकर पोलियो की दो बूंदें अवश्य पिलाएं ।

महादेव में मारपीट को लेकर थाना में क्रॉस प्राथमिकी दर्ज

सोढ़ी/देवभूमि मिरर

सुंदरनगर। पुलिस थाना धनोटू में मारपीट को लेकर क्रॉस प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में लखबीर सिंह निवासी गांव व डाकघर महादेव ने कहा है कि वह अपने भांजे के साथ अपनी मलकियत भूमि पर प्लाट बनाने का काम कर रहा था। इसी दौरान एक महिला दराट लेकर आई और काम करने से रोकने लगी। जब उसे समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन वह न माली और जेसीबी वाले को पत्थर मारने के लिए उठा लिया। जब वह बीच बचाव करने लगा तो उसे ही पत्थर मार दिया। जिसके कारण उसका दांत टूट गया। जबकि दूसरी पक्ष की ओर से दर्ज कराई प्राथमिकी में विजय कुमार निवासी महादेव ने कहा है कि रविवार दोपहर को उसे उसकी माता का फोन आया कि उनकी पुश्तैनी भूमि पर कोई जेसीबी चला रहा है। जब वह मौका पर पहुंचा तो पाया कि विनोद कुमार विडियो बना लगा। इसी दौरान नरेंद्र कुमार व लखबीर सिंह विनोद कुमार से मारपीट करने लगे। जब वह बचाव को गया तो आरोपियों ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर उससे मारपीट शुरू कर दी। डीएसपी भारत भूषण ने बताया दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

सुंदरनगर पुलिस ने 6,750 मिली लीटर शराब पकड़ी

सोढ़ी/देवभूमि मिरर

सुंदरनगर। सुंदरनगर थाना के तहत दो मामलों में पुलिस ने गशत के दौरान 6,750 मिली लीटर अंग्रेजी व अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर के डैहर पुलिस चौकी के दल ने रविवार शाम को जैसी राम निवासी गांव कोट डाकघर डैहर के स्वामित्व में 5,250 मिली लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। दूसरे मामले में पुलिस ने बस स्टैंड में गुलाबा राम की जूतों की दुकान से 1500 मिली लीटर अवैध शराब बरामद की। डीएसपी भारत भूषण ने बताया दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

अनीश बिलासपुर और ज्योति बाला ऊना ने जीती मैराथन

देवभूमि मिरर/जोगिन्दरनगर

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर के अवसर पर थीम 'रन फॉर डेमोक्रेसी' पर आधारित मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मैराथन प्रतियोगिता का मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम मनीश चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित बनाने तथा मत के महत्व बारे जागरूक करने के लिए यह मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की गई। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान सभी मतदाताओं से लोकतंत्र की मजबूती के अपने मत का इस्तेमाल करने का भी आह्वान किया। साथ ही युवा व नए मतदाताओं से अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाते हुए मतदान जागरूकता अभियान का भी हिस्सा बनने का आग्रह किया। एसडीएम ने सभी विजेता प्रतिभागियों को नकद इनामी राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया। राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला के अवसर पर आयोजित पुरुष वर्ग की 15 किलोमीटर तथा महिला वर्ग की 10 किलोमीटर मैराथन प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में बिलासपुर जिला के अनीश और महिला वर्ग में ऊना जिला की ज्योति बाला विजयी रही। इसके अलावा पुरुष वर्ग में मंडी जिला के राजेन्द्र कुमार व रमेश कुमार ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह महिला वर्ग में ऊना जिला की रवीना कुमारी तथा हमीरपुर जिला की शिवाली क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। पुरूष व महिला वर्ग में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमश:71 सौ, 61 सौ तथा 51 सौ रुपये की नकद इनामी राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा महिला व पुरुष वर्ग की मैराथन में अन्य दस धावक व धाविकाओं को भी एक-एक हजार रुपये की प्रोत्साहन ईनामी राशि प्रदान की गई।

जिलाधीश ने बंजार में किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

बंजार। उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश बंजार स्थित महाविद्यालय में स्थापित ईवीएम स्ट्रांग रूम के रूट प्लान एवं सडक मार्ग का निरीक्षण किया और हिमाचल लोक निर्माण विभाग को सडक मार्ग को एक सप्ताह में बड़े एवं छोटे वाहनों को चलने योग्य बनाने के दिशानिर्देश दिए। और साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग को सडक मार्ग में चल रहे कार्य में और गति लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त के साथ निरीक्षण में एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, तहसीलदार बंजार रमेश कुमार, एसडीओ लोक निर्माण विभाग कीर्ति, एसडीओ एनएच टेहल सिंह, प्राचार्य महाविद्यालय जोगिंदर ठाकुर व अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बता दें कि लोकसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधीश का यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिसूचना जारी होने के बाद वोटिंग से पहले ईवीएम की सुरक्षा बेहद जरूरी है।

बारिश ने खोली पोल: सिस्टम में होल

कुल्लू। कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों पर जहां बर्फबारी हुई, वहीं निचले क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई। बारिश के चलते पानी निकास नालियों की बजाय सडकों पर जमा हो गया है, जिस कारण सडकें तालाब बन गई हैं। जिला कुल्लू में झमाझम मेघ बरसे। हालांकि शनिवार और रविवार को कुल्लू में बारिश शुरू हुई थी और रातभर रूक-रूक बारिश जारी रही। सुबह के दौरान दोनों दिन झमाझम बारिश का दौर चलता रहा। वहीं, रविवार को और भी ज्यादा बारिश हुई। बारिश होने से ब्यास-पार्वती सहित अन्य सहायक नदियों और नालों का जलस्तर बढना शुरू हो गया है। जिला मुख्यालय में बारिश होने से निकास नालियां बंद होने से बारिश का पानी सडकों पर बह गया। कई जगह सडकें तालाब बन गई। बता दें जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित नगर परिषद के वार्ड नंबर नौ में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से लेकर अस्पताल गेट तक और लोक निर्माण विभाग कुल्लू के कार्यालय के पास निकास नालियों की तरफ लोक निर्माण विभाग का ध्यान नहीं है। यहां पर बारिश के दिन सडकें तालाब बन जाती है, जिससे आम राहगीरों को तो भारी परेशानी का सामना करना ही पड़ता है। रविवार को भी लगातार बारिश होने से कुल्लू में अस्पताल गेट और कालेज गेट के मध्य सडक दिनभर तालाब जैसी बनी रही। यहां पर एक तरफ तो कार्य चला हुआ है।

शांति निवास ठम्बा कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

निशा/देवभूमि मिरर

धर्मशाला। "शांति-निवास" ठम्बा, दुरगेला में आज सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। 1 अप्रैल से 7 अप्रैल 2024 तक पठानिया-परिवार द्वारा "श्रीमद्भागवत- कथा" भक्ति ज्ञान-यज्ञ सप्ताह के दिब्य आयोजन किया जा रहा है। मंडपाचार्य पं बाणी भूषण गैरोला ने समस्त पठानिया परिवार एवं इष्टमित्रों के साथ से मण्डप आवहित देव-पूजन करवाया शांति निवास ठम्बा से भब्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की । कथा प्रवक्ता पं. बद्री प्रसाद शास्त्री जी ने कथा का शुभारम्भ करते हुए कहा कि भागवत का वक्ता और श्रोता यदि दोनों सात्विक हो और श्रद्धा, विश्वास, प्रेम और आदर से श्रीमद्भागवत का श्रवण करे तो आज 2024 में भी श्रीमद्भागवत जी में इतनी शक्ति है कि हम सबको ही नही अपितु सैकड़ों वर्ष पहले चलबसे हमारे पूर्वजों को भी मुक्ति प्रदान कर सकती है।उंन्होने कहा कि श्रीमद्भागवत में 18 हजार श्लोक, 335 अध्याय और 12 स्कंध हैं। श्रीवेद जी जीवोद्धार के लिए जो कहना चहाते हैं वह एक श्लोक में कह दिया"सच्चिदानन्दरूपाय विशोत्पत्यादि हेतवे तापत्रय विनाशाय श्रीकृष्णाय वयं नमः" सारी बातें एक श्लोक में कह गए हैं। बाकी 17999 श्लोक इसी एक श्लोक की ब्याख्या का विस्तार से वर्णन है। महर्षियों ने इसे वैष्णवों की गायत्री कहा है।कथा वाचक ने इस श्लोक का विस्तार से वर्णन समझाते हुए कहा कि भगवान सच्चिदानन्द स्वरूप हैं जिसमें तीन शब्द जुड़े हैं

भाजपा में शामिल होंगे सैंकड़ों कार्यकर्ता

निशा/देवभूमि मिरर

धर्मशाला। आज धर्मशाला में भाजपा द्वारा परिचय बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धर्मशाला भाजपा मंडल के संपूर्ण कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर जी भी उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा भाजपा के प्रभारी व सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार, प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर, कांगड़ा के विधायक पवन काजल भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर सैंकड़ों कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी का दामन थामेंगे। आयोजित स्थल हेरिटेज नरवाना पर तैयारियों का जायजा लेते भाजपा संगठनात्मक कांगड़ा ज़िला के अध्यक्ष सचिन शर्मा, कांगड़ा-चंबा भाजपा संयोजक चंद्र भूषण नाग, हिमाचल प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, ज़िला भाजपा मीडिया सह-प्रभारी अंकुश वर्मा, धर्मशाला भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर विशाल नेहरिया, धर्मशाला भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, ज़िला भाजपा एसटी मोर्चा महामंत्री राकेश कुमार, धर्मशाला भाजपा मंडल विस्तारक मिलाप चंद, ज़िला भाजपा कार्यकारिणी सदस्य वीरू वालिया।

कपूर्री ठाकुर की तरह पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार पिछड़े-अतिपिछड़ों के सच्चे हितैषी : राजीव रंजन

युगल किशोर मिश्र/देवभूमि मिरर

गया (बिहार)। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार की जमकर तारीफ करते हुए इनकी तुलना पूर्व सीएम स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर से की है। राजीव रंजन ने जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर देश के उन चुनिंदा नेताओं में से एक थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, वंचितों की सेवा में अर्पित कर दिया। कपूर्री ठाकुर की ही तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पिछड़े-अतिपिछड़ों के सच्चे हितैषी हैं।प्रवक्ता ने आगे कहा कि कपूर्री ठाकुर के बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ही ऐसे राजनेता हुए हैं, जिन्होंने सही मायनों में गरीबों और अतिपिछड़ों की सुध ली है। नीतीश कुमार ही थे, जिन्होंने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए केंद्र सरकार से मांग की थी, जिसे प्रधानमंत्री ने पूरा कर दिया। इसके लिए बिहार की तमाम जनता उनकी आभारी हैकहा कि नीतीश कुमार ने अतिपिछड़े समाज के तेज विकास के लिए कपूर्री ठाकुर द्वारा दिए गये आरक्षण को और बढ़ाया। कपूर्री ठाकुर के काम को देखते हुए उन्हें काफी पहले ही भारत रत्न मिल जाना चाहिए था, लेकिन राजद-कांग्रेस के कारण यह पहले मुमकिन नहीं हो

महायज्ञ से समाज में सामंजस्य एवं शुद्ध वातावरण का निर्माण होगा: कुलपति प्रो बिहारी लाल

वीरेश मिश्र/देवभूमि मिरर

वाराणसी। संवत्सराव्यापी चतुर्वेद स्वाहाकार विश्वकल्याण महायज्ञ के बीसवें दिवस ऋग्वेद संहिता का स्वाहाकार पूर्ण होने के पश्चात शुक्लयजुर्वेद का स्वाहाकार प्रारम्भ हुआ है। यज्ञ के आचार्य डॉ. विजय कुमार शर्मा ने बताया कि वर्तमान में चारो ओर फैल रहे वायरल के प्रकोप को शांत करने हेतु शुक्लयजुर्वेद के अंतर्गत महामारी निवारण मन्त्रों का विशेष रूप से प्रयोग किया गया साथ ही सामवेद एवं अथर्ववेद के भी कतिपय मन्त्रों के द्वारा आहुति दी गई। वेद विभागीय शोध छात्र श्री आदर्श मिश्र ने सपत्नीक यजमान के दायित्वों का निर्वहन किया । इसके पूर्व वाराणसी एवं अन्य जनपदों से भी जनमानस दिनाँक 12 मार्च 2024 से निरन्तर चल रहे महायज्ञ में सहभाग कर चुके हैं। कुलपाति प्रो. बिहारीलाल शर्मा ने यज्ञ के निर्विघ्नता से संचालन करने के लिए वेद विभागीय आचार्यों एवं छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इस यज्ञ के प्रभाव से अवश्य ही समाज मे सामंजस्यता स्थापित होगी और सकारात्मक ऊर्जा का संचरण एवं प्रदूषण मुक्त (शुद्ध वातावरण) वातावरण का निर्माण होगा। वेद विभागाध्यक्ष प्रो महेंद्र पाण्डेय ने बताया

मैगरा उच्च विद्यालय की छात्रा सिमरन गुड़िया ने डुमरिया प्रखंड का नाम रौशन किया

युगल किशोर मिश्र/देवभूमि मिरर



गया (बिहार)। डुमरिया प्रखंड के मैगरा उच्च विद्यालय के छात्रा सिमरन गुड़िया ने 441 नंबर लाकर डुमरिया प्रखंड का नाम रौशन की है।सिमरन गुड़िया के बड़े भाई पवन चंद्रवंशी ने बताया की सिमरन घर पर रहकर ही पढ़ाई करती थी,प्रतिदिन 10 घंटा पढ़ाई करती थी,आगे इंटर के बाद यूपीएससी का तैयारी करना चाहती है।बधाई देने में डुमरिया प्रमुख आशा देवी,प्रतिनिधि जितेंद्र उर्फ जित्तू सिंह,उप प्रमुख सुनैना कुमारी,राजन पासवान,राजद नेता प्रताप दास,जिला पार्षद रविंद्र राम समेत सैंकड़ों लोगों ने मिठाई खिला कर बधाई दिए और बोले बहुत ही खुशी के बात है की नक्सल प्रभावित इलाकों के बच्चे इतने अच्छे नंबर लाकर प्रखंड सहित मैगरा डुमरिया के नाम रौशन कर रही है।

इस वर्ष का आयोजन होगा आकर्षण का केन्द्र: क्षितिज मोहन सिंह

युगल किशोर मिश्र/देवभूमि मिरर

गया (बिहार)। श्रीरामनवमी पूजा सेन्ट्रल कमिटि कि बैठक आज धर्म सभा भवन में आयोजित कि गई है। इस बैठक में गयाजी के सभी झंडा प्रभारी शामिल हुए हैं! कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने कहां कि जिला प्रशासन से सारे बिन्दुओ पर चर्चा कि जायेगी और जो सभी बिन्दू आ रही है उसे जल्द दूर किया जायेगा। जिस प्रकार पूर्व में शोभायात्रा का आयोजन कि गया है उसी प्रकार इस बार भी शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष राम मंदिर में विराजमान प्रभू राम जी कि प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र होगा शोभा यात्रा में, सभी जगहों से बड़े संख्या में राम भक्त इस आयोजन में शामिल हो इसको लेकर बैठक का भी आयोजन किया जा रहा है। गया शहर को जल्द सजा दिया जायेगा, समिति के सभी सदस्य आयोजन के सफल आयोजन करने के लिए रोजाना बैठक कर रहे है लगभग सभी वार्डो में बैठक का आयोजन किया गया है।संगठन महामंत्री ओमप्रकाश सिंह ने कहां कि जो सभी समस्या झंडा प्रभारीयों को हो रही है उसे जल्द दूर कर दिया जायेगां। इस वर्ष शोभा यात्रा और विहंगम निकाली जायेगी, तैयारी पूरी कि जा रही है

सडक बनाने में खोट: नहीं डालेंगे वोट

जवाली। विधानसभा क्षेत्र जवाली में अधीन पंचायत नाणा के गांव पारला बंडेरु से विकास कोसों दूर है। इस गांव के बाशिंदे आज भी पक्की सडक सुविधा से वंचित हैं। ग्राम पंचायत नाणा का वार्ड नंबर-छह पारला बंडेरू आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद आज भी सडक सुविधा से वंचित है। गांव में तकरीबन 35-40 घर हैं जिनको सडक सुविधा से जोडने के लिए पंचायतघर बंडेरू से लेकर पारला बंडेरू तक वन विभाग द्वारा वर्ष 1980 में मार्ग निकाला गया था लेकिन विडंवना है कि भाजपा व कांग्रेस सरकार के प्रतिनिधियों को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी आजतक मार्ग पक्का नहीं हो पाया है। जगदीश राणा, जीत सिंह, कुंजू राम, शोंकी राम, तिलक राज, बलविंदर, उत्तम सिंह, करनैल सिंह, शिव कुमार, सुरम सिंह, बरियाम, शेर सिंह, वार्ड सदस्य सुनीता देवी, नितिन कुमार, कंचना देवी, इंद्रा देवी, भोजा देवी, विचित्र सिंह, बीना देवी, सुंदरी राणा, गणेश राज, हरबंस लाल इत्यादि

अग्रहरि वैश्य समाज का होली मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

वाराणसी/देवभूमि मिरर

वाराणसी। अग्रहरी वैश्य समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन शाम को पिशाच मोचन स्थित भवन में हर्षोल्लास के साथ बनाया गया कार्यक्रम में समाज के लोगों के द्वारा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रहरी समाज के संरक्षक एवम अमेठी के जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि तथा विशिष्ट अतिथि प्रांतीय संरक्षक उमा शंकर अग्रहरि ने सयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ अध्यक्ष उमा शंकर अग्रहरि ने कहा कि होली का यह पर्व आपसी सौहारदय प्रेम भाई चारा का पर्व है समाज को एकता के साथ पिरोने के साथ ही हर क्षेत्र में अग्रहरि समाज को एक अलग स्थान दिलाना है आज देश के विभिन्न जनपद में अग्रहरि समाज सहित वैश्य समाज के लोग उच्च स्तर पर है इस अवसर पर आयोजित संस्कृति कार्यक्रम में प्रख्यात लोकगीत गायिका सुमन अग्रहरी ने सामयिक गीत फाग चैती आदि की प्रस्तुति कर सभागार वा नन्हे बच्चे ने बाल गीत और कविता सुनकर एक बार माहोल का बहुत सुंदर बना दिया, महामंत्री दिलीप अग्रहरी ने कार्यक्रम में शामिल समाज के लोगों तथा मीडिया से आए लोगों का अभिनंदन एवम धन्यवाद ज्ञापन दिया। वहीं इस होली मिलन समारोह मेंअध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता अग्रहरि महामंत्री दिलीप कुमार आर्य कोषाध्यक्ष राजेश अग्रहरि छोटे लाल अग्रहरि छेदी लाल अग्रहरि वैध ध्रुव कुमार अग्रहरि होरी लाल अग्रहरि सीता राम अग्रहरि बृजेंद्र आदि

उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने मनाया होली मिलन समारोह

वीरेश मिश्र/देवभूमि मिरर

वाराणसी। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन आफ जर्नलिस्ट्स उपज वाराणसी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह के शानदार आयोजन पर लोगों ने संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई दी। रविवार को आयोजित हुए होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन में सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारीगण व सदस्य एवं उनके परिवार जनों ने सर्वप्रथम शहनाई वादन एवं तत्पश्चात हास्य कवि सम्मेलन का खूब लुफ्त उठाया। कार्यक्रम के अंत में सदस्यों द्वारा एक दूसरे के साथ गुलाब की पंखुड़ियां से होली खेली गई एवं नाच गाकर अपनी खुशी को जाहिर किया गया। कार्यक्रम के शुरू में जहां शहनाई वादको ने शमां बांध दी। वही हास्य कवियों ने तरह-तरह के चुटकुले सुना लोगों को हंसते-हंसते लोटपोट होने के लिए मजबूर कर दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष विनोद बागी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत नारायण सिंह तथा अतिथि उत्तर प्रदेश महिला विंग की संयोजक सुनीता उपाध्याय ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी विकास बागी, पंकज श्रीवास्तव, ललित मोहन तिवारी, अजय, प्रदीप कनौजिया, विवेक मिश्रा, अभिषेक दुबे, आशुतोष कुमार, सुरूचि सिंह, पूनम श्रीवास्तव, संतोष सिंह, सुशीला देवी, किरण श्रीवास्तव, चंद्रकला, आदि

युवा अधिवक्ता के गुमसुदगी पर अधिवक्ताओं में आक्रोश

वाराणसी/देवभूमि मिरर

वाराणसी: कचहरी के लिए निकले अधिवक्ता का बीच रास्ते से गायब होना व काफी दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा कोई संतोषजनक व सकारात्मक परिणाम न आने पर वाराणसी कचहरी के अधिवक्ताओं ने सोमवार को संपूर्ण दिवस न्यायिक कार्य से विरत रहकर कचहरी व कलेक्ट्रेट परिसर में चक्रमण कर नारेबाजी किया तत्पश्चात डीएम पोटेकी पर एक जुट होकर पुलिस प्रशासन को सकारात्मक कार्यवाही के लिए दबाब डाला व कार्यवाही न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

तीन शातिर चोरों, चोरी की 08 रिक्शा की बैट्री के साथ गिरफ्तार

वीरेश मिश्र/देवभूमि मिरर

वाराणसी। पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व राजीव कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दिनांक-31.03.2024 को टोटों की विभिन्न स्थानों से चोरी की गयी बैटरी को बेचने के लिए ले जा रहे अभियुक्तगण को पाताल पुरी मठ के पास नवापुरा से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से ई- रिक्सा की कुल 8 बैटरी (कीमती लगभग 01 लाख 20 हजार) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0- 25/2024 धारा 41/411/414 भादवि पंजीकृत कर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटना का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा विभिन्न स्थानों से टोटो की बैटरी को चोरी करके बेचने के लिए ले जाने की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 03 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से टोटो की कुल 08 बैट्री बरामद करना। विवरण पूछताछ-पूछताछ पर अभियुक्तगण द्वारा बताया गया है कि साहब हम लोग पैसा कमाने के लिए वाराणसी शहर के गलियों में व ऐसे स्थानों पर जहां पब्लिक का आवागमन बहुत कम रहता है और उस स्थान पर टोटों खड़े रहते है हम लोग खड़े टोटो की बैटरी को आसानी से निकाल लेते है और चोरी की गयी बैटरी को बोरे में लेकर चले जाते है इससे किसी को शक नही हो पाता है। बैट्री के खरीददार आसानी से मिल जाते है और बैट्री का अच्छा पैसा भी मिल जाता है। इस पैसो को हम लोग आपस में बांट लेते है।

न्यूज एक्सप्रेस

श्री कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई समिति का होली मिलन हुआ संपन्न

वाराणसी/देवभूमि मिरर

वाराणसी। श्री कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई समिति का होली मिलन समारोह आज रामकटोरा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ इस अवसर पर गुलाब की पंखुड़ियां, गुलाब जल एवं चंदन से तिलक तथा सिर पर कलगी लगी टोपी और अंगवस्त्र पहनाकर आगंतुकों का सम्मान किया गया तथा बनारसी ठंडाई एवं अल्पाहार की व्यवस्था एवं मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज कुमार गुप्ता, दिनेश गुप्ता, विशाल गुप्ता, रौशन लाल गुप्ता, राम जी गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, प्रेम शंकर जी, दाऊजी, गणेश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, सोनू, राजन, श्रीमती मधु देवी, प्रमिला, सीमा, भोलू सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

टिफिन बैठक में प्रधानमंत्री का सुना वर्चुअल प्रसारण

वाराणसी/देवभूमि मिरर

वाराणसी। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के कंचनपुर में एमएलसी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा के नेतृत्व में तथा भदवर में उदयभान सिंह उदल, मोहन सराय में रमाशंकर गुप्ता,नियैसीपुर में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ महेंन्द्र सिंह पटेल के नेतृत्व में तथा सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के जयापुर में सुरेंद्र सिंह के आवास पर, नरसड़ा में में शिव शंकर सिंह के आवास पर,कृष्णदत्तपुर में प्राथमिक विद्यालय पर, शाहंशाहपुर में शिव राम के आवास पर,महगाव में रविवार को आयोजित मोदी परिवार टिफिन बैठक में उपस्थित भाजपा के पाधिकारी व कार्यकताओं ने लाइन आन प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना तथा एक साथ बैठकर भोजन भी किया।

हम भाजपा के साथ भारतीय औद्योगिक व्यापार एसोसिएशन

वीरेश मिश्र/देवभूमि मिरर

वाराणसी। भारतीय औद्योगिक व्यापार एसोसिएशन वाराणसी द्वारा अपने कार्यालय पर प्रेस-कान्फेस कर बताया गया जिसमे नरेन्द्र मोदी को पुनः वाराणसी का सांसद बनाने हेतु संगठन के पदाधिकारी वाराणसी संसदीय क्षेत्र मे मोदी को जीत हासिल करने मे सहयोग करेंगे तथा मुख्य अतिथि रणजीत केशरी ने भारत मे भाजपा व उनके सहयोगी दलो को 543 लोक सभा प्रत्यासियों को जिताने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहयोग करेंगे। मोदी का संकल्प 400 के पार को पूरा करने मे सहयोग करेंगे। व्यापारीयों की पीएम मोदी से मांग है की लगभग तीस वर्षो से भारतीय औद्योगिक व्यापार एसोसिएशन द्वारा व्यापारी आयोग गठन करने की मांग की जा रही है। जो इस बार चुनाव मे जीत के बाद पीएम मोदी के हाथों पूरा होने की उम्मीद जताई है । जिससे व्यापारीयों की हर समस्या का समाधान एक जगह से हो सकेगा।

पुलिस का खौप हत्यारोपी ने जमानत तोड़वाकर किया सरेंडर

वीरेश मिश्र/देवभूमि मिरर

वाराणसी। जलालीपट्टी (मंडुवाडीह) में नाथूपुर डगरा निवासी हिस्ट्रीशीटर सोनू यादव की हत्या में नामजद रवि पटेल उर्फ वीरू पुराने केस में जमानत तोड़वाकर जेल चला गया। इसके बाद पुलिस को जानकारी हुई इंस्पेक्टर भरत उपाध्याय ने बताया कि नामजद आरोपी रवि पटेल उर्फ वीरू ने एक पुराने मुकदमे में जमानत तुड़वा कर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। रवि भी हिस्ट्रीशीटर है, उस पर 14 मुकदमे दर्ज हैं। बता दें कि रवि पटेल के पिता बलवंत से सोनू यादव ने मारपीट की थी। इसका बदला लेने के लिए 22 मार्च की रात सोनू की हत्या कर दी गई थी। प्रकरण में बलवंत के बेटों रवि उर्फ वीरू, सुनील, भतीजे आनंद पटेल उर्फ गोली, अभिषेक उर्फ कल्लू, अजीत समेत अन्य अज्ञात पर केस दर्ज है। इसमें सुनील पटेल, अभिषेक पटेल और अजीत पटेल की गिरफ्तारी हो चुकी है। बाकी की तलाश की जा रही थी, इस बीच रवि ने कोर्ट में समर्पण कर दिया।

नुतन वर्ष अभिनंदन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा: डा मनीष पंकज मिश्रा

युगल किशोर मिश्र/देवभूमि मिरर

गया (बिहार)। भारतीय नव वर्ष आयोजन समिति गया जी की बैठक डा. मनीष पंकज मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विक्रम संवत २०८१ के पूर्व संध्या पर आजाद पार्क के में नुतन वर्ष अभिनंदन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें बाहर के कलाकारों ने आने कि सहमति जताई है। समिति का आज विस्तार किया गया जो निम्नलिखित है अध्यक्ष मनीष पंकज मिश्रा महामंत्री राणा रणजीत सिंह एवं प्रदीप कुमार संयोजक राजनंदन वर्मा उर्फ गोरेलाल संरक्षक सर्व सुभाष कुमार वर्मा भोला पटेल बाला सिंह एवं गोपाल प्रसाद पटवा उपाध्यक्ष राजेश चंद्रा संजय कुमार बरनवाल उमेश कुमार प्रमोद कुमार चौधरी बंटी वर्मा मंत्री विकास कुमार भदानी जयशंकर प्रसाद सुनील कुमार बंबइया बबलू सिंह,कोषाध्यक्ष मंजीत कुमार सिंह सुरक्षा सुरक्षा प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह,मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार आर्या ,सह प्रभारी बबन सिंह प्रेस व्यवस्था प्रमुख संजय कुमार गुप्ता, महिला प्रमुख श्रीमती सारिका वर्मा,सह महिला प्रमुख श्रीमती राखी अग्रवाल को बनाया गया। साकेत संगम दीपक स्वर्णकार इन लोगों के अलावा सैकड़ो लोग बैठक में उपस्थित रहे हैं।

डॉक्टर बीडी शर्मा के गाड़ी पर असमाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमला

युगल किशोर मिश्र/देवभूमि मिरर

गया (बिहार)। गया डॉक्टर बीडी शर्मा नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ अपने अस्पताल बच्चों के अस्पताल जो आनंदी में मंदिर जीबी रोड गया से अपने लकी बाग मोहल्ले मानपुर स्थित घर पर कर में सवार होकर आ रहे थे इसी दौरान लकी बाग मोड़ के नजदीक डालमिया बाजार एवं पैरीवेयर शोरूम के पास कुछ उपाधि रवि लोगों के द्वारा सड़क पर ही उत्पाद मचाने लगे आने जाने वाले लोगों से बदतमीजी करने के साथ-साथ कीचड़ एवं गंदा पानी फेंकने लगे जब मैं उनको समझाने बुझाने के लिए पहुंचा उन लोगों को ऐसा करने से मना किया तो मेरे साथ उलझने और बदतमीजी करने लगे इसी दौरान लकी बाग निवासी मंजुला यादव यादव टोली का निवासी है मुझ पर लाठी डंडे से बात करने लगा को दाएं तरफ एवं पीछे का शीशा तोड़ दिया गया शराब के नशे में भूत रोहित एवं उसके दोस्तों ने धमकाते हुए कहा कि बस बनते हो जान से मार देंगे और इस लगभग मोहल्ले की तरफ भाग गए मैं मौके के वारदात पर से ही पुलिस पेट्रोल को फोन किया मौके पर पहुंचने पर पुलिस पदाधिकारी ने बदमाशों के भागने वाले दिशा में जांच पड़ताल की

धूमल परिवार को नीचा दिखाने के लिए जयराम ने करवाई राणा की भाजपा में एंट्री : चंद्रशेखर

कांग्रेस विधायक बोले, जयराम ठाकुर को छह साल बाद आई धूमल की याद

देवभूमि मिरर/शिमला

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चंद्रशेखर ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राजेंद्र राणा की भाजपा में एंट्री धूमल परिवार को नीचा दिखाने के लिए करवाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में राजेंद्र राणा ने कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ा और भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री पद से उम्मीदवार प्रेम कुमार धूमल को हराया। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का बहुमत होने के बावजूद धूमल मुख्यमंत्री पद हासिल करने से चूक गए। ह्यएक्सिडेंटल चीफ मिनिस्टरह्ल जयराम ठाकुर पद संभालने के बाद एक बार भी प्रेम कुमार धूमल से मिलने उनके घर नहीं गए, लेकिन अब उप-चुनाव से पहले जयराम ठाकुर को धूमल परिवार की याद आई है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला की जनता अभी भी पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में धूमल और उनके परिवार के साथ हुए दुर्व्यवहार को भूली नहीं है। मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए जयराम ठाकुर ने प्रेम कुमार धूमल के कोई काम नहीं किए और राजेंद्र राणा के कामों को ही प्राथमिकता पर किया। यही नहीं, राजेंद्र राणा की भाजपा में एंट्री धूमल परिवार के विरोध के बावजूद हुई। उन्होंने कहा कि राजेंद्र राणा और धूमल परिवार के संबंध जनता के सामने हैं, लेकिन इसके बावजूद जयराम ठाकुर ने धूमल परिवार के स्वाभिमान को ठेस पहुँचाई और उनका अपमान किया है। चंद्रशेखर ने कहा कि पिछले छह वर्षों में जयराम ठाकुर एक बार भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल का हाल जानने के लिए उनके घर नहीं गए। अब जबकि उनके विरोधी राजेंद्र राणा भाजपा में शामिल हुए हैं, तो जयराम ठाकुर का धूमल प्रेम अचानक से जाग गया है। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि राजेंद्र राणा ने भाजपा छोड़ने के बाद पिछले 11 वर्षों में प्रेम कुमार धूमल का कदम-कदम पर अपमान किया। राणा यूँ तो धूमल को अपना राजनीतिक गुरु कहते हैं लेकिन यह भी सत्य है कि शिष्य ही गुरू की जड़ें काटने में लगा रहा। उन्होंने कहा कि अब भाजपा में शामिल होने के बाद राजेंद्र राणा किस मजबूरी में समीरपुर के चक्कर लगा रहे हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि हमीरपुर की जनता समझदार है और राजेंद्र राणा के बहकावे में बार-बार आने वाली नहीं है। राजेंद्र राणा का असली चेहरा मतदाताओं के सामने हैं

दिल्ली में गांधी इन शिमला पर चर्चा

अश्वनी शर्मा/देवभूमि मिरर

सोलन। गांधी समारक निधि के स्थापना के डायमंड जुबली पर नई दिल्ली में गांधी पीस फांउडेशन में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में सोलन के लेखक विनोद भारद्वाज की किताा गांधी इन शिमला पर चर्चा हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता गांधी स्मारक निधि के अध्यक्ष रामचंद्र राही ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन गांधी स्मारक निधि के महासचिव संजय सिंह ने किया। सम्मेलन में देश के 19 राज्यों के ६0 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विनोद भारद्वाज ने इस सम्मेलन में शिरकत की। अपनी पुस्तक की जानकारी देते हुए विनोद भारद्वाज ने गांधी के शिमला प्रवास पर लिखी अपनी पुस्तक गांधी इन शिमला, पर चर्चा करते हुए बताया कि गांधी वर्ष 1921 से 1946 तक 10 बार शिमला

आए। पुस्तक में शिमला से जुड़ी उनकी यादें, स्थानों व पहाड़ की जनता में ग्राम स्वराज, आपसी भाईचारे, खादी के उपयोग की विस्तार से जानकारी दी गई। गांधी द्वारा शिमला पर लिखे लेख 500वीं मंजिल के बारे में अपने विचार साझा किए। इस पुस्तक का प्रकाशन हिमाचल राज्य संग्रहालय ने वर्ष -2021 में किया था। सम्मेलन में देशभर से आए 60 गांधीवादी वक्ताओं ने गांधी दर्शन सहित वर्तमान चुनौतियों, समस्याओं और उनसे निजात पर अपने-अपने विचार रखे।

किसान जनता मंडी में फिर लौटी रौनक, खरीददारी को उमड़ी भीड

देवभूमि मिरर/सोलन

सोलन में हर रविवार को लगने वाली किसान मंडी में अब पहले के मुकाबले भीड़ जुटने लगी है। अब सब्जियों के दामों में कमी आने से लोग फिर से किसान मंडी का रुख करने लगे हैं, जिससे रौनक का आलम बनने लगा है। मंडी सजते ही लोग खरीददारी के लिए पहुंचने लगे हैं, जिससे सब्जी विक्रेताओं के चेहरों पर भी मुस्कराहट आने लगी है। सुबह से ही सब्जी विक्रेता सब्जियों को लगाकर बैठते है। जहां पर लोगों की चहल पहल भी शुरू होने लगी है। पिछले रविवार को भी सब्जियों के दामों में गिरावट रही। लेकिन इक्का-दुक्का लोगों ने ही मंडी का रुख किया था। इससे पूर्व भी सब्जियों के दामों में तेजी रहती थी, जिससे लोगों ने मंडी का रुख करना बंद कर दिया था। जो कोई भी मंडी आ रहा था वह कम मात्रा में ही सब्जियों की खरीददारी कर रहा था। इससे सब्जी विक्रेताओं के पास भीड़ नहीं जुटी रही थी। कुछ लोग सब्जी मंहगी होने के बावजूद भी किसान जनता मंडी से खरीददारी करते रहे। लोग सप्ताह में एक बार लगने वाली किसान मंडी में सस्ती सब्जी की उम्मीद लेकर आते हैं।

ड्रॉप रोबॉल में हिमाचल रहा तीसरे स्थान पर

देवभूमि मिरर/सोलन

कुरूक्षेत्र के श्री कृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित 14वीं सीनियर नेशनल ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। यह स्थान हिमाचल प्रदेश की टीम ने युगल मुकाबले में हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन 29 मार्च से 31 मार्च तक किया गया हिमाचल प्रदेश ड्रॉप रोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोबिंद सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 25 महिला व पुरूष खिलाडि?ों ने भाग

लिया। उन्होंने बताया कि हिमाचल इस आधुनिक भारतीय खेल में ऊंचाइयों की तरफ अग्रसर हो रहा है। यह खेल प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना रहा है। यह खेल कम खचीर्ला और छोटे ग्राउंड में खेले जाने वाला भारतीय मिट्टी का अपना पहला खेल है। युवा इस खेल से जुडकर नशे समेत तमाम बुराइयों से बच सकते हैं।

निर्वाण जी की पुण्यतिथि पर श्रीमद् भागवत कथा का हुआ रसपान

देवभूमि मिरर/नाहन

जिला सिरमौर की प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन नगरी श्री रेणुकाजी तीर्थ के निर्वाण आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को विधिवत समापन हुआ। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान भी किया। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्री रेणुका जी तपस्थली के महान तपस्वी निर्वाण गुरु ब्रह्मलीन श्री सुंदर मुनि जी महाराज की 29वीं पुण्यतिथि पर उनके परम शिष्य गद्दी आसिन रेनेंद्र मुनी जी महाराज व उनके भक्तों के द्वारा किया गया। अंतिम दिन कथा व्यास मोहन चंद्र शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं, विवाह और सखा भक्ति

भगवान श्री कृष्ण और सुदामा, श्री कृष्ण और अर्जुनद्ध का बखूबी वर्णन किया। उन्होंने सुदामा चरित्र का विस्तार से वृतांत सुनाया इसके साथ-साथ कथा व्यास ने सर संक्षेप में श्रीमद भागवत कथा का निचोड़ और 24 गुरुओं के उपदेश के बाद कथा का विधिवत समापन किया। इससे पूर्व शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला व रुकमणी विवाह के प्रसंगों का वर्णन किया गया था। जिसमें श्रोता भगवान श्री कृष्ण के बाराती बन कर झूमने पर विवश भी हुए। कथा व्यास अचार्य मोहन चंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण व रुकमणी विवाह के प्रसंगों का मार्मिक वृत्तांत सुना कर श्रोताओं को भावविभोर किया।

मुगलावाला करतारपुर में मतदाताओं को किया जागरूक

देवभूमि मिरर/नाहन

सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रिकरण अधिकरी एवं उपमंडल अधिकारी ना. पांवटा साहिब गुंजित सिंह चीमा ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र पांवटा साहिब-58 के मुगलावाला करतारपुर में आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुंजित चीमा ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों को उनके वोट का महत्व बताया गया तथा उन्हें लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत मुमलावाला करतारपुर के बूथ नंबर-58/64 में पिछली लोकसभा चुनाव में 60 फ ीसदी से कम बोटिंग दर्ज हुई थी।

जिसके दृष्टिगत क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया गया की आने वाले चुनाव में सभी अपने-अपने पोलिंग बूथ पर जा कर अपने मतो का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि यदि कोई युवा या युवती आने वाले 1 अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है तो वह मई 2024 के प्रथम सप्ताह तक अपना नया बोट ऑन लाइन ईसीआई की साईट में जा कर या ऑफ लाईन फ ार्म नंबर-6 भर कर इलेक्शन आफिस में या बीएलओ को जमा करवा कर अपना वोट बनवा सकता है। गुंजित चीमा ने बताया कि इस दौरान उपस्थित लोगों को देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने व निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गई।

शिमला में कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप शिमला क्लाइमेट मीट का आयोजन

सचिन वर्मा/देवभूमि मिरर

शिमला। हिमालय के नाजुक इकोसिस्टम में क्लाइमेट जस्टिस की तत्काल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए शिमला कलेक्टिव,ह्यूमन डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन,एशिया पैसिफिक नेटवर्क फॉर ग्लोबल रिसर्च एंड एक्शनएड एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप शिमला क्लाइमेट मीट का आयोजन किया गया।इस आयोजन ने लीडिंग एक्टिविस्ट,एक्सपर्ट्स और समाज के प्रतिनिधियों को एक साथ लाने का काम किया है। इस वर्कशॉप का उद्देश्य समाज के लोगों को सशक्त बनाना और पश्चिमी हिमालय में अर्बन क्लाइमेट जस्सिट के लिए रणनीतियों

को बढ़ावा देना था।अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हिमालय जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से भी एक है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल फॉर क्लाइमेट चेंज की रिपोर्ट बढ़ते तापमान,बदलते मानसून पैटर्न और ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से उत्पन्न खतरों को रेखांकित करती है। इन परिवर्तनों ने अचानक बाढ़,ग्लेशियर विस्फोट और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं को बढ़ा दिया है,जो वर्ग,जाति और लिंग के मामले में हाशिए पर रहने वाली कम्युनिटी को बड़े स्तर पर प्रभावित कर रहा है।एक्शनएड एसोसिएशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संदीप चाचरा ने स्वदेशी ज्ञान और इकोसिस्टम सर्विस की मान्यता की वकालत करते हुए जलवायु चर्चा में हाशिए पर रहने वाली कम्युनिटी के नेतृत्व पर जोर दिया।प्रसिद्ध वास्तुकार रोमी खोसला ने सस्टेनेबल अर्बन डेवलपमेंट के लिए स्थानीय समुदायों को शामिल करते हुए लोकतांत्रिक और विकेंद्रीकृत प्लानिंग प्रोसेस के महत्व पर जोर दिया। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड ,जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के 80 से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शिमला कलेक्टिव के अध्यक्ष कैप्टन एनपीएस भुल्लर ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। शिमला कलेक्टिव की उमा महाजन ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट पैटर्न और स्थानीय शासन संरचनाओं में निवेश के महत्व पर जोर देते हुए निष्कर्ष आर्थिक मॉडल और जलवायु संकट के बीच संबंध पर प्रकाश डाला।

पुलिस ने पकड़ा पांवटा की फार्मा कंपनी लेबोरेटरीज से लाखों रुपए उड़ाने वाले को

देवभूमि मिरर/नाहन

जिला सिरमौर के उपमंडल पावंटा साहिब की फ ार्मा कंपनी जी लेबोरेटरीज के निहालगढ़ प्लांट के लेखा कार्यालय से ककनरीब 12 लाख की नकदी चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पावंटा साहिब पुलिस ने आरोपी को उत्तर प्रदेश के बिजनौर से काबू किया है। पुलिस ने आरोपी से करीब 12 लाख का कैश भी बरामद किया है। आरोपी की पहचान 21 वर्षीय विवेक पुत्र धनीराम के रूप में हुई है। बता दें आरोपी विवेक जी लेबोरेटरीज में ही पहले काम करता था। वह करीब 5 साल से पांवटा साहिब में ही रह रहा था। इसी दौरान उसने होली के दिन इस वारदात को अंजाम दिया और बाइक पर बिजनौर भाग गया। जानकारी के अनुसार, पहले पुलिस ने आरोपी की पहचान की। जिसके बाद उन्होंने आरोपी की मोबाइल लोकेशन खंगाली और जाल बिछाकर आरोपी को उसके शहर से काबू किया। पुलिस जांच कर रही है कि वारदात को अंजाम देने में फैक्ट्री के किसी अन्य कर्मी ने उसका साथ दिया था या नहीं।

फिलहाल, यह साफ नहीं हुआ है कि वास्तव में 12 लाख की ही चोरी हुई थी या ये राशि 30 लाख से अधिक थी। मामले की पुष्टि पांवटा साहिब की डीएसपी अदिति सिंह ने की है। उन्होंने कहा कि पुलिस रिमांड में आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

न्यूज एक्सप्रेस

पांवटा साहिब में 16वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

नाहन: जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में आज 16वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता पुरुष वर्ग का शुभारंभ हुआ। बता दें प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पदम सिंह पंवार प्रधानाचार्य एवं विशिष्ट अतिथि अशोक गोयल चेयरमैन बीबी जीत कौर स्मारक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पांवटा साहिब के द्वारा किया गया किया गया। यह प्रतियोगिता आज से शुरू होकर 4 अप्रैल 2024 तक चलेगी। इस खेलकूद प्रतियोगिता में पूरे जिले की लगभग 17 टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें आईटीआई नाहन, आईटीआई सराहां, आईटीआई बोगधार, आईटीआई शिलाई, आईटीआई कफ ोटा, आईटीआई माईना, आईटीआई राजगढ़, आईटीआई पांवटा साहिब, गैलेक्सी प्राईवेट आईटीआई, पांवटा साहिब, एमडी आईटीआई नौहराधार, प्रगति आईटीआई राजगढ़ से लगभग 400 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस दौरान कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केट बॉल, एथलेटिक्स एवं कल्चरल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। ये प्रतियोगितायें 4 दिन तक चलेंगी। वॉलीबॉल के पहले मुकाबले में आईटीआई पांवटा साहिब ने प्रगति प्राईवेट आईटीआई राजगढ़ को हराया।

माजरा में युवक ने की आत्महत्या

नाहन : पांवटा साहिब उपमंडल के माजरा क्षेत्र में एक युवक ने जंगल में पेड़ से फ ंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 27 वर्षीय शिवम पुत्र पवन कुमार वीपीओ माजरा के रूप में हुई है। फि लहाल आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार जंगल गश्त पर जब फ ॉरेस्ट गार्ड राकेश मेलियों के नजदीक कब्रिस्तान की तरफ जा रहा था तो देखा कि पेड़ पर एक व्यक्ति लटका हुआ है। इसकी सूचना फॉरेस्ट गार्ड ने माजरा पुलिस थाने में दी। माजरा थाने को सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रताप परमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जंगल में फ ंदे से लटके युवक से 100 मीटर की दूरी पर एक काले रंग की बाइक और लाल रंग का हेलमेट भी पुलिस को बरामद हुआ। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया। पुलिस को दिए बयान में मृतक शिवम के पिता पवन कुमार ने बताया कि शिवम सुबह 11रू00 बजे से घर से बिना बताए निकल गया था और उसके बाद उसका कुछ भी पता नहीं था। माजरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा ने घटना की पुष्टि की है। दो

जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी पर धाम का दिया सामान

नाहन: गुरु नानक का घर आईजीएमसी कैंसर अस्पताल शिमला में संस्था संचालक सरदार गुरमीत सिंह ने संस्था के माध्यम से पांवटा स्थित बंगाला कॉलोनी के रहने वाले जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी के लिए धाम का समान दिया। बताते चले कि दानी सज्जनों के सहयोग से संस्था जरूरतमंद बेटियों की शादी पिछले कई सालों से करती आ रही है। आप सभी का सहयोग और आशिर्वाद संस्था पर बना रहे। संस्था संचालक, प्रबंधक, अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह ने किसी भी प्रकार की सेवा देने हेतु संपर्क सूत्र 9805007888 सेवा स्थान पीजीआई चंडीगढ़, डीडीयू रिपन अस्पताल, आईजीएमसी कैंसर अस्पताल शिमला।

नालागढ़ में 40 फीसदी गेंहू की फसल हुई तबाह

नालागढ़। औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में भारी बारिश और तेज हवाओं से करीब 40 फीसदी फसल तबाह कर दी है। शुक्रवार मध्य रात्रि और शनिवार दिन भर लगी रही बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। करीब 11 हजार हैक्टेयर भूमि पर किसानों ने गेंहू की फसल लगाई हुई है और करीब 40 फीसदी फसल को नुकसान हो चुका है। क्षेत्र के किसान प्रेम चौधरी, रविंद्र, योगेश, अवतार आदि ने बताया कि तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने खासतौर पर गेंहू की फसल को बिछा कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि करीब 40 फीसदी फसलों को नुकसान पहुंचा है। कृषि विभाग नालागढ़ के कृषि वाद विशेषज्ञ प्रेम ठाकुर ने बताया कि बारिश तूफान से किसानों की 25 से 30 फीसदी फसलों को नुकसान हुआ है।

भवन निर्माण के लिए अब ऑनलाइन मिलेगी परमिशन

सोलन। नगर निगम सोलन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में अब भवन निर्माण के लिए लोगों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अब भवन निर्माण से संबंधित परमिशन ऑनलाइन ही मिल जाएगी। इस सुविधा को प्रदान करने के लिए टीसीपी द्वारा ह्यऑनलाइन बिल्डिंग परमिशन सिस्टमह्ल (ओबीपीएस) पोर्टल शुरू कर दिया गया है। इस नए ओबीपीएस पोर्टल के तहत भवन की योजना, निर्माण के आवेदन के लिए सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करने होंगे, जिसके लिए रजिस्टर्ड आर्किटेक्टस को ट्रेन भी किया जा रहा है विभाग ने 23 मार्च के बाद पुराने पोर्टल पर आवेदन न करने की भी हिदायत जारी कर दी है। टीसीपी और नगर निकायों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में भवन निर्माण को लेकर लोगों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अपने भवन का नक्शा पास करवाने और निर्माण शुरू करने तक न जाने कितनी दफा लोगों को संबंधित विभागों के चक्कर काटने पड़ते हैं। इससे न केवल उनका समय बल्कि पैसा भी बर्बाद होता है। इसको ही ध्यान रखते हुए और लोगों की सुविधा के लिए शहरी विकास विभाग के अंतर्गत टीसीपी ने ह्यओबीपीएसह्ल पोर्टल लॉच किया है। फिलहाल यह पोर्टल टीसीपी प्रदेश के पांच नगर निकायों और बीबीएनडीए के तहत आने वाले क्षेत्र के लोगों को सुविधा प्रदान करेगा। इस पोर्टल के लॉच होने के बाद अब टीसीपी केवल नए पोर्टल पर ही बिल्डिंग परमिशन से संबंधित आवेदन स्वीकार करेगा।

मौसम ने बदली करवट: लोगों ने निकाले गर्म कपड़े

सोलन। सोलन में मौसम ने फिर से करवट बदली है, जिसके मौसम ठंडा हो गया, जिसने लोगों को गर्म कपड़े पहनने को मजबूर कर दिया। सुबह से ही धूप-छांव का सिलसिला जारी रहा। लेकिन दोपहर को आसमान में काले बादल छा गए। वहीं दोपहर को हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई, जिसके कारण मालरोड के किनारे छोटी दुकानें लगाने वाले लोगों ने तेज बारिश के डर से तिरपाल से अपने सामान का को ढकना शुरू कर दिया। वहीं मालरोड सहित अन्य बाजारों मे खरीददारी करने आए लोग भी बारिश के डर से अपने घरों को लौट गए। जहां सुबह से मालरोड पर भारी भीड़ लगी हुई थी, वहां पर खराब मौसम से सन्नाटा छाने लगा।

देश और प्रदेश में फिर बनेगी भाजपा की सरकार

बद्दी। शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 15 महीने के शासनकाल में 15 पैसे का भी काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार सिर्फ मित्रों की सरकार बनकर रह गई है। पिछले डेढ़ साल से हिमाचल में ऐसी सरकार चल रही है, जिसे जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं हैं। न प्रदेश की मातृशक्ति से है और न ही युवा शक्ति से। सत्ता में आते ही मुख्यमंत्री ने एक के बाद एक जनविरोधी निर्णयों की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार चंद दिनों की मेहमान है,

फुटबॉल एसोसिएशन सचिव के समर्थन में उत्तरी सिरमौर फुटबॉल एसोसिएशन

देवभूमि मिरर/नाहन

महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के आरोपो के बाद गोवा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दीपक शर्मा के समर्थन में अब सिरमौर जिला फुटबॉल एसोसिएशन सामने आई हैं नाहन में फुटबॉल एसोसिएशन के जिला महासचिव राकेश पाहवा आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में फुटबॉल खिलाड़ी भी मौजूद रहे। फुटबॉल एसोसिएशन का कहना है कि दीपक शर्मा पर लगाए जा रहे हैं सभी आरोप भी बेबुनियाद है और जब तक कोई जांच रिपोर्ट सामने नहीं आती है तब तक उनके खिलाफ कुछ भी कहना और निलंबन की मांग करना जल्दबाजी है। उन्होंने यह भी कहा कि नाहन में पत्रकार वार्ता कर कुछ लोगों द्वारा जो आरोप दीपक शर्मा पर लगाए गए थे वह पूरी तरह गलत है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आरोप लगाने वाले लोग सिरमौर फुटबॉल एसोसिएशन का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि दीपक शर्मा कई सालो से फुटबॉल खेल को लेकर समर्पित रहे है और कई नए खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग जिलों को दिए हैं और उनका हमेशा फुटबॉल के प्रति समर्पण रहा है।गौर हो कि दीपक शर्मा मौजूदा में सिरमौर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ,हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव और AIFF के सदस्य है।

देश को मिला प्रधानमंत्री मोदी के रूप में सशक्त नेतृत्व : सुरेश कश्यप

देवभूमि मिरर/अर्की

देश भर से जिस प्रकार आज कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में है कांग्रेस मात्र एक क्षेत्रीय संगठन बनने के कगार पर है। भाजपा से प्रत्याशी व सांसद सुरेश कश्यप ने अर्की दौरे के दौरान कहा कि कांग्रेस एक डूबता जहाज है जिसमें आज कोई सवार नहीं होना चाहता है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के टिकट से बड़ा कोई नेता चुनाव नहीं लड़ना चाह रहा व मिले हुए टिकट को भी हाईकमान को वापिस लौटा रहे हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में आज अस्थिरता का माहौल कांग्रेस की वजह से पैदा हुआ हैं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुकखु ने अपने दोस्तों को लाभ देने के लिए अपने दल के वरिष्ठ नेताओं को अनदेखा किया व चुने हुए विधायकों को भी प्रताड़ित करने का कार्य किया। कश्यप ने कहा कि पूर्व प्रदेश सरकार ने अर्की में किए विकास कार्य को डी - नोटिफाई करने के साथ ही इस इलाके को पीछे धकेलने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

करोड़ों कर्ज के बावजूद सरकार के रुके पड़े विकास के सभी काम : डा. बिंदल

देवभूमि मिरर/नाहन

हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने एक बार फिर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है की प्रदेश की जनता बेसब्री से उन सब गारंटी को पूरा करने का इंतजार कर रही है जिसके दम पर 2022 में यह सरकार सता में आई थी। सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में आज डॉ राजीव बिंदल पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरियां को देने का वादा किया था मगर नौकरियां देने की बात तो दूर नौकरियां देने वाले संस्थान ही इस सरकार ने बंद कर दिए। राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि डेढ़ साल के कार्यकाल में मौजूदा सरकार नौकरियां नही दे पाई है। बिंदल ने कहा कि 10 गारण्टीयां देते हुए कांग्रेस ने जगह-जगह दीवारें रंग दी और आज भी वह गारंटीया दीवारों पर दिख रही है। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर प्रदेश भर में धरने प्रदर्शन चले हुए है उनकी मांग सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ओलावृष्टि से किसानो बागवानों को बड़ा नुकसान हो रहा है मगर कोई भी बात सुनने वाला नहीं है। हिमाचल प्रदेश के लिए वह काला दिन था जिस दिन कांग्रेस की सरकार प्रदेश के भीतर चुनी गई

लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत एसडीएम की अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन

देवभूमि मिरर/चंबा

जिला मुख्यालय चंबा में सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम चंबा अरुण शर्मा की अध्यक्षता मे विभिन्न राजनीतिक दलों प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस पार्टी की ओर से जिला महासचिव गोवर्धन आहूजा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महासचिव दीपक कुमार, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा व भाजपा मण्डल अध्यक्ष महाराज बडियाल उपस्थित रहे। बैठक में नायब तहसीलदार निर्वाचन संजय शांडिल व नोडल अधिकारी कुलदीप ठाकुर भी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार द्वारा पार्टी प्रतिनिधियों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न कार्यकलापों के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिसके अंतर्गत मतगणना के दौरान मतगणना कक्ष की व्यवस्था, मतदाता सूची से छूटे मतदाताओं के नाम दर्ज करवाने की अंतिम तिथि सहित, दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने की सुविधा के अलावा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को दिव्यांग प्रणाम सहित घर पर ही मतदान की सुविधा सहित पोस्टल बैलट से संबंधित जानकारियां सांझा की गई। इसके अतिरिक्त आईपीसी की धारा 171 ब के अनुसार किसी राजनीतिक दल द्वारा किसी भी प्रकार का प्रलोभन दिए

सुजानपुर में दो अप्रेलऔर गगरेट, ऊना में चार अप्रैल को उप चुनाव की बनेगी रणनीतिः हिरापाल ठाकुर

राजेश मिश्रा देवभूमि मिरर

बिलासपुर। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने हमीरपुर पार्लियामेंट में और साथ में होने वाले उप चुनाव के लिए अपनी रणनीति बना दी है उसे रणनीति के तहत 2 तारीख को बैठक सुजानपुर में होगी चार को गगरेट और उन्ना में होगी में होगी सभी ब्लॉक पदाधिकारी को जिला संयोजकों को आदेश दे दिए गए हैं होने वाले इन उपचुनाव में और लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के पक्ष में बूथ स्तर पर जाकर कार्यकताओं की बैठ के लेकर प्रदेश सरकार की और कांग्रेस की नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री के द्वारा पूर्ण की गई पांच गारंटीयों के ऊपर फोकस करके साथ में जिन विधायकों ने कांग्रेस के साथ गद्दारी की है उनको सब सीखने के लिए और वर्तमान सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा जो अपना 20 वर्ष का कार्यकाल लगभग उनका पूरा होने वाला है उसमें उनका जो योगदान हिमाचल और हमीरपुर के लिए रहा है वह सिर्फ एक सेलिब्रिटी का रहा है सिर्फ वह आते हैं भाषण देते हैं एक अरूप गांधी परिवार पर लगाते हैं अपनी राजनीति चमकाते हैं अपनी हाई कमान के आगे अपने आप को बहुत बड़ा नेता मानकर जनता के बीच में या मैसेज देते हैं मैं ही सबसे बड़ा शुभचिंतक इस प्रदेश का और भाजपा द्वारा जो षड्यंत्र केंद्र से मजदूर के प्रदेश स्तर पर रचा जा रहा है ।विपक्ष की सरकारों को गिराने के लिए विधायकों खरीदने के लिए शास्त्रों को खरीदने के लिए भारी दल बदल करवा करके पैसा धनबाद पीडीसीबीआई जॉब एजेंसी ओके दरवाजा खोल करके उसे आधार पर भाजपा को कोई समर्थन नहीं मिलने वाला है इन सभी की पोल खोलने के लिए राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने पार्लियामेंट हमीरपुर और पार्लियामेंट मंडी में मेरे नेतृत्व में हर ब्लॉक में आहार विधानसभा क्षेत्र में जाने का निर्णय लिया है

और कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कांग्रेस को विजय दिलवाने के लिए राजीव गांधी बचाओ क्लास संगठन अपनी एक अग्रणी भूमिका निभा रहा है ठाकुर हीरापल सिंह पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं प्रदेश राज्य संयोजक राजीव गांधी संयोजक राजीव का गांधी पंचायती राज हिमाचल प्रदेश

अधिवक्ता विजय ठाकुर को वार एसोसिएशन की दोबारा मिली कमांडः अधिवक्ता अमित कुमार शर्मा

राजेश मिश्रा/देवभूमि मिरर



बिलासपुर। अधिवक्ता अमित कुमार शर्मा ने प्रैस नोट में बताया कि बिलासपुर वार एसोसिएशन की मीटिंग 30-3-2024 को आयोजित की गई जिसमें सभी अधिवक्ताओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया अधिवक्ता अमित शर्मा ने प्रैस नोट में बताया कि सभी अधिवक्ताओं सर्वसम्मति और सहमति से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय ठाकुर को दोबारा वार एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और अधिवक्ता आर के रघु को सर्वसम्मति उपाध्यक्ष व अधिवक्ता विजय कुमार को सचिव, नेहा चौहान को सहसचिव और विजय जलाप को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अधिवक्ता अमित कुमार शर्मा ने आगे कहा कि सभी अधिवक्ताओं ने कहा की पहले इस कार्यकारणी का कार्य बहुत ही अनुशासित और सराहनीय रहा जिसके कारण अधिवक्ता विजय ठाकुर को सबकी सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद की कमांड दी गई सभी अधिवक्ताओं ने विजय ठाकुर और उनकी सारी टीम को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की अधिवक्ता विजय ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि आप सब ने मुझ पर भरोसा करते हुए दोबारा अध्यक्ष पद दिया इसका मैं आभार व धन्यवाद करता हुं और अपने इस भरोसे को कायम रखते हुए पुरी मेहनत व लगन और दिलोजान से काम करता रहुंगा सदैव आभारी रहुंगा धन्यवाद जयहिंद।*

नौनिहाल पहलवानों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पदक लाना गौरव का विषयः विशाल जगोता

देवभूमि मिरर/बिलासपुर

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के बच्चों को खेलों का बेहतरीन मंच देने के लिए छेड़े गए अभियान के सुखद परिणाम आना शुरू हो गए हैं। ठाकुर कुश्ती अकैडमी के दो बच्चों द्वारा अभी हाल ही में नोएडा में संपन्न हुई राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में दो बच्चों द्वारा मैडल लेकर आना यह बात को प्रमाणित करता है कि अच्छी सोच के साथ किए गए कार्य फलीभूत होते हैं। यह बात सोमवार को चांदपुर में कुश्ती कोच विवेक ठाकुर द्वारा संचालित ठाकुर कुश्ती अकैडमी में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए बीसीसीआई सीनियर टूनामेंट सेलेक्शन कमेटी मेंबर व बिलासपुर क्रिकेट एसोशिएशन के सचिव विशाल जगोता ने कही। इस पूर्व आयोजकों द्वारा मुख्यातिथि विशाल जगोता का भव्य स्वागत किया गया। उन्हें शॉल व टोपी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं विशाल जगोता ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की दूरदर्शी सोच से चल रहे सांसद खेल महाकुंभ से दर्जनों बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा राष्ट्रीय स्तर पर मनवा रहे हैं। ठाकुर कुश्ती अकैडमी के वंश और ऋषिका ने नोएडा में संपन्न हुई नेशनल रैस्लिंग गेम्स में हिमाचल के लिए रजत और कांस्य पदक जीत कर अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। इसके लिए कोच विवेक ठाकुर के साथ अन्य सहयोगी स्टाफ बधाई का पात्र है। विशाल जगोता ने बताया कि उदीयमान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

384 बोतलें देसी शराब व 31 ग्राम चरस पकड़ी, घुमारवीं पुलिस ने तस्करों पर कसा शिकंजा

देवभूमि मिरर/घुमारवीं

घुमारवीं पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में 384 बोतलें देसी शराब तथा 31 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने दोनों मामलों में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। इन दोनों मामलों की पुष्टि डीएसपी चंद्रपाल सिंह ने की है। पहले मामले में पुलिस को सूचना मिली की बद्घाघाट में एक संदिग्ध गाड़ी कठलग सडक पर खड़ी है। पुलिस की एक टीम तुरंत मौका पर पहुंची। पुलिस ने पाया की गाड़ी के समीप 2-3 लोग खड़े हुए थे। गाड़ी के अंदर कोई चालक मौजूद नहीं था। गाड़ी की चाबी गाड़ी के अंदर थी। इसके अलावा गाड़ी में कोई भी दस्तावेज मौजूद नहीं था। पुलिस की टीम ने गाड़ी की डिक्की की तलाशी ली। गाड़ी में 32 पेटियां बरामद हुई। प्रत्येक पेटी में 12-12 बोतलें देसी शराब की पाई गई। गाड़ी के ऊपर अंकित मोबाइल नंबर पर पुलिस ने संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। पुलिस ने इस मामला दर्ज कर लिया है। जांच शुरू कर दी है। उधर, पुलिस की गस्त टीम ने घुमारवीं शहर में एक युवक से 31 ग्राम चरस बरामद की। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक पुलिस वाहन को देख कर एक निमार्णाधीन भवन में घुस गया। पुलिस की टीम ने युवक का पीछा किया। इस दौरान युवक ने कोई वस्तु निमार्णाधीन कमरे में फेंक दी तथा अपने आप दूसरे कमरे में चला गया। युवक ने अंदर से दरवाजे को बंद कर लिया।

विकसित संकल्प यात्रा बेहद खास, प्रधानमंत्री का भारत के सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक विकास का संकल्प : जीतराम कटवाल

राजेश मिश्रा/देवभूमि मिरर

बिलासपुर। झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प पद यात्रा बेहद खास है। यह एक यात्रा नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास का संकल्प है। उनके इस संकल्प को पूरा करने में झंडूता विधानसभा क्षेत्र की जनता भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए वे लोकसभा चुनाव में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को लगातार पांचवीं बार रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाएं। केंद्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार बनने पर झंडूता विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और भी अधिक तेज गति से किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प पद यात्रा के तहत सोमवार को कोटधार क्षेत्र की डूडियां पंचायत के तहत ढोलग बूथ में अभियाराम, झुंझणू बूथ में रोशनलाल तथा डूडियां बूथ में मुख्तयार सिंह के घर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने बजट का मुख और विकास का रुख गांवों की ओर मोड़ा है। इसी की बदौलत झंडूता विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। पिछले 6 वर्षों में लगभग 300 करोड़ रुपये इस विधानसभा क्षेत्र के विकास पर खर्च हुए हैं। बिजली-पानी की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ ही रोड कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसी कड़ी में हाल ही में 8 सड़कों के लिए 82 करोड़ रुपये का बजट मुहैया करवाया गया है। इनमें से 4 सड़कें पिछड़ा कहे जाने वाले कोटधार क्षेत्र की हैं। गोविंद सागर पर बागछाल पुल बनकर तैयार हो चुका है। यह पुल हिमाचल का प्रवेश द्वार कहलाएगा। इससे कोटधार क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। जीतराम कटवाल ने कहा कि अन्य वर्गों समेत मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान करने के साथ ही

निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में जांचा वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य

देवभूमि मिरर/बिलासपुर

वरिष्ठ नागरिक सभागार बिलासपुर में अग्रणी प्रयास संस्था द्वारा सोमवार को वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य लोगों ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। प्रयास संस्था की टीम ने लोगों रक्तचाप, शुगर, जोड़ों की दर्द व विभिन्न प्रकार की विस्तृत जांच की। इसके साथ ही रक्त के नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच भी की और निःशुल्क परामर्श तथा दवाईयां भी वितरित कीं। प्रयास संस्था की ओर से आए डॉ. रविकांत डोगरा, लैब टेक्निशियन जोगेंद्र सिंह, सदर समन्वयक कर्ण चन्देल का विशेष सहयोग रहा। सभा के प्रधान रतनलाल शर्मा ने प्रयास संस्था धन्यवाद करते हुए बताया कि वरिष्ठ नागरिक सभा गैर राजनितिक संस्था है जो व्यासपुर की समस्यों के समाधान व जनकल्याण हेतु कार्य करती है और विकासात्मक कार्यों में सरकार का सहयोग देती है। इस अवसर पर संस्था के मुख्य सरंक्षक ओमप्रकाश गर्ग, कमाडेंट सुरेन्द्र शर्मा, ओंकार कपिल, इंदिरा कपिल, केएल कपिल, राजपाल कपिल, अनीता कपिल, साहिल, पुरुषोत्तम शर्मा, कृष्ण लाल, प्रेमी देवी, बलदेव, नित्यानंद, रमेश कुमार, कौशल्या देवी, अक्षय, पुरुषोत्तम शर्मा, रतन सिंह, रामप्यारी, संजीव निमोर्ही, सुशील पुंडीर परिंदा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बहुत कम समय में नवोदित पहलवानों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पदक लाना गौरव का विषयः विशाल जगोता

देवभूमि मिरर/बिलासपुर

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के बच्चों को खेलों का बेहतरीन मंच देने के लिए छेड़े गए अभियान के सुखद परिणाम आना शुरू हो गए हैं। ठाकुर कुश्ती अकैडमी के दो बच्चों द्वारा अभी हाल ही में नोएडा में संपन्न हुई राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में दो बच्चों द्वारा मैडल लेकर आना यह बात को प्रमाणित करता है कि अच्छी सोच के साथ किए गए कार्य फलीभूत होते हैं। यह बात सोमवार को चांदपुर में कुश्ती कोच विवेक ठाकुर द्वारा संचालित ठाकुर कुश्ती अकैडमी में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए बीसीसीआई सीनियर टूनामेंट सेलेक्शन कमेटी मेंबर व बिलासपुर क्रिकेट एसोशिएशन के सचिव विशाल जगोता ने कही। इस पूर्व आयोजकों द्वारा मुख्यातिथि विशाल जगोता का भव्य स्वागत किया गया। उन्हें शॉल व टोपी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं विशाल जगोता ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की दूरदर्शी सोच से चल रहे सांसद खेल महाकुंभ से दर्जनों बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा राष्ट्रीय स्तर पर मनवा रहे हैं। ठाकुर कुश्ती अकैडमी के वंश और ऋषिका ने नोएडा में संपन्न हुई नेशनल रैस्लिंग गेम्स में हिमाचल के लिए रजत और कांस्य पदक जीत कर अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। इसके लिए कोच विवेक ठाकुर के साथ अन्य सहयोगी स्टाफ बधाई का पात्र है। विशाल जगोता ने बताया कि उदीयमान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार खेलों को अपनाने में अभिभावक व शिक्षक सहयोग करें। वहीं बल्ह बुल्हाना पंचायत के प्रधान रजनीश ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में वंश ठाकुर ने रजत पदक और ऋषिका शर्मा ने कांस्य पदक हासिल कर बिलासपुर व हिमाचल का नाम रोशन किया है। इन बच्चों ने अंडर-20 में अपना भाग्य आजमाया और इतनी बड़ी उपलब्धि अर्जित की। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक व कांस्य पदक हासिल कर वापिस पहुंचे

जनता से सीधे संवाद से दूर रहते हैं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुरः संदीप सांख्यान

देवभूमि मिरर/बिलासपुर

प्रेस को जारी बयान में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर आरोप लगाया है कि भले ही महोदय चार बार सांसद रहते हुए केंद्रीय मंत्री मंडल और बीसीसीआई सुप्रीमो बनने में कामयाब रहे हों लेकिन जिस जनता की बदौलत उन्होंने इन अप्रत्याशित बुलंदियों को छुआ है उनके लिए कुछ भी कर पाने के लिए पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुए हैं। यह बात दीगर है कि जिला स्तरीय बैठकों में आना कभी नहीं भूलते। ऐसे में जनता से सीधा संवाद इसलिए भी नहीं करने की हिम्मत जुटा पाते कि भीड़ में कोई विकास को लेकर प्रश्न न कर दें। ऐसे में यदा कदा टैलीविजन पर विपक्ष को कोसना इनकी दिनचर्या में शुमार है। केंद्रीय मंत्रालय का मतलब पूरा देश की नुमांइदगी करना होता है लेकिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर अपने ही हिमाचल प्रदेश के लिए व प्रदेश के विकास के लिए एक भी बैठक नहीं करवा पाए। क्योंकि इनके पास कोई विजन नहीं है, केवल सता पर कैसे काबिज होना इसके लिए पूरी उर्जा लगाने वाले अनुराग ठाकुर आज जनता से सीधा संवाद नहीं कर पा रहे हैं। संदीप सांख्यान ने कहा कि अनुराग ठाकुर पहली बार मई 2008 में के उपचुनावों में लोकसभा के लिए चुने गए थे उसके उपरांत वे चैथी बार, 14वीं, 15वीं, 16वीं और 17वीं लोकसभा के सदस्य हैं। अपने राजनीतिक सिफारिशी करियर में तुकबन्दी से हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद हिमाचल प्रदेश राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव, हॉकी हिमाचल प्रदेश के महासचिव भारतीय ओलंपिक संघ के कार्यकारी सदस्य,आदि

सेरड़ गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा का शुभारंभ

देवभूमि मिरर/बिलासपुर

झंडूता के सेरड़ सैर में सोमवार से श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैंकड़ों महिला, पुरूषों और बच्चों ने भाग लिया। इस कथा यज्ञ में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित सुरेश भारद्वाज प्रवचनों की अमृतवर्षा करेंगे। ढोल नगाड़ों के साथ पावन रामकथा ग्रंथ आयोजन स्थल तक लाया गया। जहां पर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पावन ग्रंथ को प्रतिष्ठापित किया गया। पहले दिन प्रवचनों करते हुए पंडित सुरेश भारद्वाज ने कहा कि रामायण में गृहस्थ को समझने और क्रियारूप देने की शिक्षा मिलती है। उन्होंने कहा कि परिवार में आपसी प्रेम भाईचारा रामायण से ज्यादा कहीं और नहीं सीखा जा सकता। प्रभु राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का प्रेम यूं ही मिसाल नहीं बना। इसके लिए किए गए त्याग और बलिदान आज भी प्रासंगिक है। पतिव्रता का उल्लेख रामायण में मिलता है। दुष्कर्मों के लिए स्वयं और कुल का नाश करवाने वाले रावण के जीवन से भी बुरे काम न करने की सीख मिलती है। सेवा एवं भक्तिभाव के पर्याय वीर हनुमान के किरदार से वर्तमान में बहुत कुछ सीखा

न्यूज एक्सप्रेस

जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक 3 को इंदिरा भवन बिलासपुर में: अनुराग

देवभूमि मिरर/बिलासपुर

जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव अनुराग पंडित ने प्रैस को जारी बयान में बताया कि 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे पार्टी कार्यालय इंदिरा भवन में जिलाध्यक्षा अंजना धीमान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन होगा। इस बैठक में जिला के सभी नेता, पदाधिकारी, सभी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष, सभी अग्रणी संगठन की अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्षा अंजना धीमान के आदेशानुसार इस बैठक में सभी पदाधिकारियों का आना अनिवार्य होगा।

भरमौर में एक इंच बर्फबारी: ठंड बढ़ी

भरमौर। उपमंडल मुख्यालय में रविवार तडके एक इंच ताजा बर्फबारी हुई है, जबकि रात को उपमंडल के विभिन्न हिस्सों में जोरदार गर्जना के साथ बारिश हुई है। लिहाजा तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है और समूचा इलाका ठंड की जद में आ गया है। बहरहाल रविवार दोपहर से मौसम की ओर से राहत मिल गई है। लिहाजा आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 30 और 31 मार्च को बारिश और बर्फबारी को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया था। नतीजतन शनिवार रात को समूचे उपमंडल में बारिश हुई तो पहाड़ों पर हिमपात का दौर रहा। वहीं रविवार तडके क्षेत्र के ऊंचाई पर बसे गांवों में हल्की बर्फ गिरी, जबकि उपमंडल मुख्यालय भरमौर में भी एर्क इंच के करीब बर्फबारी हुई है। पहाड़ों पर ताजा हिमपात के बाद समूचे क्षेत्र में तापमान में भी गिरावट आ गई है। पिछले दो दिनों में अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक ठंड महसूस की हुई है। रविवार को भी दिन भर आसमान में सूर्यदेव और बादलों के बीच लुकाछुपी जारी रही। इस दौरान ठंडी हवाएं लोगों को सताती रही।

पांगी ने फिर ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

चंबा। जनजातीय उपमंडल पांगी में शनिवार देर रात को दो इंच के करीब ताजा बर्फबारी हुई है। पांगी में बर्फबारी होने से लोगों के ठंड से पिंड छूटते नजर आ रहे हैं। बर्फबारी के बाद पांगी घाटी फिर से बफीर्ली हवाएं लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई हैं। ताजा बर्फबारी के बीच यातायात व बिजली व्यवस्था बेहतर रहना घाटी के लोगों के लिए राहत की बात है। जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात पांगी में मौसम के करवट बदलने के साथ ही बर्फबारी का दौर आरंभ हो गया। देखते ही देखते पांगी घाटी बर्फ की सफेद चादर से ढक गई। शनिवार को पांगी मुख्यालय किलाड़ में दो ईंच के करीब ताजा बर्फबारी हुई है। हालांकि रविवार सवेरे मौसम के खुलते ही बर्फ पिघल गई। इससे घाटी के अंदरूनी मार्गो पर कीचड़ होने से वाहन चालकों को एहतियात के साथ ड्राइविंग करनी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि इस बार जनवरी माह के अंत से पांगी में क्रमवार बर्फबारी का दौर बना हुआ है। इससे पांगी में आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। बहरहाल, शनिवार रात को एक बार फिर पांगी में दो ईंच के करीब ताजा बर्फबारी रिकार्ड की गई है।

डलहौजी-खजियार मार्ग पर दरकी पहाड़ी, पांच घंटे थमे रहे गाडियों के पहिए

चंबा। डलहौजी-खजियार मार्ग पर रविवार सवेरे पहाड़ी के दरकने से मलबा व पत्थर आ गिरने से करीब पांच घंटे वाहनों की आवाजाही ठप रही। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। मार्ग बंद होने की सूचना के बाद लोक निर्माण विभाग के फील्ड स्टाफ ने जेसीबी मशीन संग मौके पर पहुंचकर मार्ग से मलबा व पत्थर हटाकर वाहनों की आवाजाही को सामान्य बनाया। इसके बाद ही बीच राह में फंसे वाहनों ने गंतव्य की राह पकड़ी। जानकारी के अनुसार रविवार सवेरे डलहौजी-खजियार मार्ग पर कसरोड़ नाला के पास अचानक पहाड़ी के दरकने से भारी तादाद में मलबा व पत्थर नीचे आ गिरा।

नवरात्र पर सीताराम मंदिर बनगोटू में सजेंगे कार्यक्रम

चंबा। श्री सीताराम मंदिर बनगोटू में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी का पर्व धार्मिक श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्रे के दौरान मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर रविवार को कमेटी की बैठक परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंदिर कमेटी के प्रधान मेजर एससी नैयर ने की। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्रे के दौरान नौ से सत्रह अप्रैल तक रोजाना शाम को मंदिर में पं जगमोहन शर्मा द्वारा रामकथा की जाएगी। पंद्रह से सत्रह अप्रैल तक सवेरे शहर में प्रभातफेरी भी निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि सोलह अप्रैल को मंदिर में रामायण का अखंड पाठ रखा जाएगी। इसकी समाप्ति सत्रह अप्रैल को पूणार्हूति के साथ होगी। दोपहर बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। सांझ पहर मंदिर में दीपमाला भी की जाएगी। मेजर एससी नैयर ने साथ ही बताया कि 19 अप्रैल को मंदिर में भगवान श्रीराम का खिरपु उत्सव भी मनाया जाएगा। इस मौके पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने चैत्र नवरात्रे व भगवान श्रीराम खिरपु उत्सव के आयोजन में शहरवासियों से बढ़- चढकर भाग लेने का आहवान भी किया है।

सम्मान पाकर चहके सरोग स्कूल के होनहार

सिहुंता। राजकीय उच्च विद्यालय सरोग का पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। समारोह में ग्राम पंचायत रजै की प्रधान कुसुमलता ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने शैक्षणिक सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने गुणात्मक व प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा देने के लिए विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की जमकर सराहना की। उन्होंने अपनी ओर से 5100 रुपए की राशि भी भेंट की। समारोह के दौरान विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर खूब समां बांधा। इससे पहले राजकीय उच्च विद्यालय सरोग के मुख्याध्यापक महेंद्र पाल ने मुख्यातिथि का स्वागत करने के साथ ही वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने आस-पास के बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिल करने के लिए मोटिवेट करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जो भी अविभावक नया दाखिला करवाएगा उसे विद्यालय प्रबंधन की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में स्टाफ सदस्यों के अलावा एसएमसी अध्यक्ष रचना देवी, पूर्व छात्र नवीन कुमार के अलावा बच्चों के अविभावक उपस्थित रहे।

घुमारवीं मेले में आठ व नौ अप्रैल को होंगी कुश्तियां

घुमारवीं। राज्य स्तरीय घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अभी हाल ही में प्रदेश सरकार की ओर से इस मेला को राज्य स्तरीय दर्जा दिया गया है। राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला 5 से 9 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इस दौरान 6 से लेकर 9 अप्रैल तक चार सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित की जाएंगी। 5 अप्रैल को शिव मंदिर घुमारवीं से शुरू होकर मेला मैदान तक शोभा यात्रा निकालकर मेला का शुभारंभ किया जाएगा तथा मेला स्थल पर खूंटी गाडने और बैल पूजन के साथ ही इस मेले की शुरूआत होगी। आठ व नौ अप्रैल को कुश्तियों का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। मेले में आयोजित होने वाली कुश्तियां चार वर्गों में आयोजित की जाएंगी। जिनमें मुख्य कुश्ती के साथ महिला कुश्ती तथा हिमाचल केसरी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।